मानंद' मोद अति बाढ्यौं जग सबके सुखदाइ ॥ ३ ॥ ५ ॥ 卐 ॥ आज बसंत सबे मिलि सजनी पूजों मोहन मीत ॥ हरद दूब दधि अक्षत लै कै गावो सौभग गीत॥१॥ चोवा चंदन अगर कुँमकुमा पोहुप सेत अरु पीत ॥ घर घर तैं बानिक बनि आए आप आपुनी रीति ॥ २॥ मोहन कौं मुख निरखि निरखि कैं करि हौ ब्रजकी जीत ॥ खेलति हँसति परम सुख उपज्यौं गयौं हे द्योस निस बीति ॥३॥ खेल परस्पर बढ्यौं अति रंगसौ रीझे मोहन मीत॥ 'कृष्ण जीवन' प्रभु सुख सागर में छाँडौं नही पसीत ॥ ४ ॥ ६ ॥ 卐 ॥ आजु मदन महोच्छव गधे ॥ मदन गुपाल बसंत खेलति है नागरि बोध अगाधे ॥१॥ निधि बुधवार बसंत पंचमी ऋतु कुसमाकर आई ॥ जगत विमोहन मकरध्वज की दुहुं दिस फिरी दुँहाई ॥२॥ रतिपति राज सिंगासन बैठे

तिलक पितामह दीनौं ॥ छत्र चंवर तूर्नीर संख धुनि बिकट चाप कर लीनौं ॥ ३ ॥ चत्रो मर्ग्वा तहां देखन जैये हरि उपजावति प्रीति ॥ 'परमानंद' दासकौ ठाकुर जानत हैं सब रीति ॥ ४ ॥ ७ ॥卐॥

आज सुभग दिन बसंत पंचमी जसुमति करति बधाई ॥ बिबिधि सुगंधन करौ उबटिनो ताते नीर न्हवाई ॥१॥ बांधी पाग बनाइ सेत रंग आभूषन पहराई ॥ तनक सीस पै मोरचंद्रिका दिस दाहिनी ढरिकाई ॥२॥ ग्रह ग्रह तै ब्रज सुंदरि सब मिलि नंद ग्रह पौरि पैं आई ॥ अंब मोर केसू पुहुप मंजुरी कनक कलस बनाई ॥३॥ चोवा चंदन अगर कुंमकुमा केसरि सूरंग मिलाई ॥ प्रमुदित छिरकति प्रान पिया कौं अबीर गुलाल उडाई ॥ ४ ॥ बाजति ताल मृदंग झांझ ढफ गावति गीत सुहाई ॥ तन मन धन नोछावरि कीनौ आनंद उर न समाई

॥ ५ ॥ श्रीगिरिवरधर तुम चिरजीयो भक्तन के सुखदाई ॥ श्रीवल्लभ पदरज प्रताप ते 'हरिदास' बलि जाई ॥ ६ ॥ ८ ॥ 卐 ॥ ताल ध्रुपद ॥ आयो ऋतुराज साजि पंचमी बसंत आज मोरे द्रुम अति अनूप अंब रहे फूली ॥ बेली लपटी तमाल सेत पीत कुसुम लाल उडवति सब स्याम भाम भँवर रहे झूली ॥ १ ॥ रजनी अति भई स्वच्छ सरिता सब विमल पच्छ उडगन पति अति अकास बरखति रसमूली ॥ जती सती सिद्ध साधि जित तित उठि भजे सब विमलि जटित तपसी भई मुनि मन गति भूली ॥ २ ॥ जुवती जूथ करति केलि स्याम सुखद सिंधु झेलि लाज लीक दई पैलि परसि पगन भूली ॥ वाजति आवज उपंग वांसुरी मृदंग चंग इहि सुख सब 'छीतु' निरखि इच्छा भई लुली ॥ ३ ॥ ९ ॥ 卐 ॥

ताल धमार ॥ आवो बसंत बधावो चलो ब्रजकी नारि ॥ सखी सिंधपौरि ठाडे मुरारि ॥ ध्रु० ॥ नौतन सारी कसूंभी पहरै नव सत अभरन सजियै ॥ नव नव सुख मोहन संग विलसत नवलसुख कान्ह पिय भजियै ॥ १ ॥ राधा चँद्र-भगा चँद्रावलि ललिता भाम सुसीलै ॥ संजावलि कनक घट सिर पै अँब मोर जव लीलै ॥ २ ॥ चोवा चंदन अगर कुँमकुमा उडति गुलाल अबीरै खेलति फाग भाग बड गोपी छिरकत स्याम सरीरै ॥ ३ ॥ बीना बैन झांझ ढफ बाजे मृदंग उपंगन ताल ॥ 'कृष्ण दास' प्रभु गिरिधर नागर रसिक कुंवर गुपाल ॥ ४ ॥ १० ॥ 卐 ॥ गावत चली बसंत बधावन नंदराइ दरबार ॥ बानिक बनि ठनि चोखमाख सौं ब्रजजन सब इक सार ॥ १ ॥ अंगिया लाल लसत तन सारी झूमक

नव उर हार ॥ बैनी ग्रथित रुरति नितंब पै कहां कहूं बडडेवार ॥२॥ मृगमद आडि बडेरी अखियाँ आँजी अंजन पूरि ॥ प्रफुलित वदन हँसति दुलरावति मोहन जीबन मूरि ॥ ३ ॥ पग जेहरि केहरि कटि किंकिनि, रह्यों विथकि सुनि मार ॥ घोप घोप प्रति गलिन गलिन प्रति विछुवनकी ऊनकार ॥ ४ ॥ कंचन कुंभ सीस पै लीने मदन सिंधुतैं भरिकैं ॥ ढाँपे पीत वसन जतनन रचि मोर मंजुरी धरिकैं ॥ ५ ॥ अबीर, गुलाल, अरगजा, सौंधों विधि न जात बिस्तारी ॥ मैनसैन ज्योनार दैनकौं कमलन कमलनि थारी ॥ ६ ॥ पोंहोंची जाई सिंघपोरि जब विपुल जुवति समुदाई ॥ निज मंदिरतैं निकसि जशोदा, सन्मुख आगें आई ॥ ७ ॥ भई भीर भीतर भवनन में जहाँ व्रजराज किशोर ॥ भरत भाँवर्तें प्रान पिया

कौं घेरि फेरि चहुँओर ॥ ८ ॥ व्रजरानी जब मुरि मुसिकानी, पकरन भई जब करकी ॥ लै सँग सखी लखी कछु बतियाँ मिसही मिस उत सरकी ॥ ९ ॥ कुमकुम रँग सौं भरि पिचकारी छिरकैं जे सुकुमारी ॥ बरजत छींटैं जात द्रगनमें धनि वे पौंछन हारी ॥ १० ॥ चंदन बंदन चोवा मथिकैं नील कंज लपटावै ॥ अलक सिथल और पाग सिथल अति, पुनि वे बाँधि बनावैं ॥ ११ ॥ भरत निसंक भरे अँकवारी भुजन बीच भुज मेलैं ॥ उनमद ग्वाल वदत नही काहू ऊल खेल रस रेलैं ॥ १२ ॥ कियों रगमगों ललित त्रिभंगी भयो ग्वालिनि मन भायों ॥ टकऊक में झुकि एकहि विरियाँ, लालन कंठ लगायों ॥ १३ ॥ ताल मृदंग लीएँ सीदामा पहुँचे आई सहाई ॥ हलधर सुवल तोक मधुमंगल अपनी भीर बुलाई ॥ १४ ॥ खेल

मच्यों मनिखचित चोकमें कवि पें कहा कहि आवे ॥ चतुर्भुज प्रभु गिरिधरनलाल छबि देखेंही बनि आवे ॥ १५ ॥ ११ ॥卐॥ नीकी आजु बसंत पंचमी खेलति कुंजविहारी ॥ संग सखी रंग भीनी लीनी श्रीव्रपभानु दुलारी ॥ १ ॥ बूका बंदन केसर चंदन छिरकति पियकौं प्यारी ॥ अरस परस दोउ भरति भरावति रंग बढ्यौं अति भारी ॥ २ ॥ वाजत ताल मृदंग मुरज ढफ विच विच बेनु उचारी ॥ कुंज कुंजमें केलि करौ मिलि ललिता-दिक वलिहारी ॥ ३ ॥ १२ ॥ 卐 ॥ प्रथम बसंत पंचमी पूजन कनक कलस कामिनी उर फूले ॥ आयो मदन महीप सैन लै अंबडार पै कोइल कूलै ॥ १ ॥ ठोर ठोर द्रुमबेली फूली कालिंदी के कूलै ॥ 'चत्रभुज' प्रभु गिरिधरन सँग विहरति म्यामा स्याम समतुलै ॥ २ ॥ १३ ॥ 卐 ॥ प्रथम

समाज आज त्रिंदाबन विरहति लाल विहारी ॥ पाँचें नवल बसंत त्रिंदावन उमगि चली व्रजनारी ॥ १ ॥ मंगल कलस लिये व्रजसुंदरि मधि वृष-भानु दुलारी ॥ फलदल, जुरि नव नूत मँजरी कनक कलस सोभा री ॥ २ ॥ गावति गीत बजा-वति बाजै मैन सैन अनुहारी ॥ दरसि परसि मन मोद बढावति राजति छवि भर भारी ॥ ३ ॥ उडति गुलाल अबीर कुँमकुमा भरि केसरि पिच-कारी ॥ छिरकति फिरति छबीले गातन रुप अनूप अपारी ॥ ४ ॥ विविध विलास हास रसभीने इत प्रीतम उत प्यारी ॥ 'हित हरिवंस' निरखि मुख सोभा अखियाँ टरत न टारी ॥ ५ ॥ १४ ॥ ॥ परम पुनीत बसंत पंचमी मुरत सुभदिन साजे हो गोपी ग्वाल मुदित मनमाही खेलति बन बृज-राजे हो ॥ १ ॥ ब्रह्मादिक सनकादिक नारद सुर

विमान चढ आये हो ॥ अष्टसिधि नवनिधि द्वारैं ठाढी लेकर कुसुम वधायै हो ॥ २ ॥ फुल्यौं श्री वृंदावन, फूल्यौं श्रीगोवरधन, फूल्यौ जमुनाजीको तीर 'रामदास' प्रभु श्रीगिरिवरधर फूलै नखसिख फूलै सोभा सरीर ॥३॥१५॥卐॥ वनि ठनि आई सकल व्रज ललना खेलनिकौ जु बसंत ॥ श्री पंचमी परम महोच्छव परम मनोहर गोकुल कंत ॥१॥ सुभदिन सुभग सरोज प्रफुल्लित कूंजत भँवर सुवास ॥ खेलि मच्यों नँद आँगन अदभुत व्रज-जन नँद कुँवर सुखरास ॥२॥ केसर कीच मची मनि चोकमें केसू कुसुम सुरंग ॥ अबीर गुलाल उडावति गावति प्रगट्यो अंग अनंग ॥३॥ निज कर्मों कर देति पियन कौं सोभा कहा कहि आवै ॥ 'सूरदास' प्रभु सब सुख क्रीडत व्रजजन अंग लगावै ॥४॥१६॥卐॥ बसंत पंचमी मदन

प्रगट भयों सब तन मन आनंद ॥ ठौर ठौर फूल्यौं पलास द्रुम, और मोरे मकरंद ॥ १ ॥ बिबिधि भांति फूल्यौं बिंदावन कुसुम समूह सुगंध ॥ कोकिल मधुप करत ऊंकारव गावत गीत प्रबंध ॥ २ ॥ सारस हंस सरोवर के तट बोलत सरस अमंद ॥ नाना पहुप परागनके भरि आवत समीर सुगंध ॥ ३ ॥ बेनु बजाई करी मोहित मन गोपिन कौं नँद नंद ॥ मिलि धाँई व्रषभांनु सुता पें परी प्रेमके फंद ॥ ४ ॥ गोवरधन गिरि कुंज सदनमें करत विहार सुछंद ॥ 'दास' निरखि बलि बलि शोभा पै स्यामा गोकुल चंद ॥ ५ ॥ १५ ॥ ॥ मन मोहन सँग ललना विहरति बसंत सरस ऋतु आई ॥ लै लै छरी कुँवरि राधिका, कमल नैन पैं धाई ॥ १ ॥ द्वादस बन रतनारे दिखियतु चहुँ-दिस केसू फूले ॥ मोरे अंब, ओरु द्रुम बेली मधु-

कर परिमल भूले ॥ २ ॥ सिसिर ऋतुमें अति गयो सीत सब रवि उत्तर दिसि आयौं ॥ प्रेम उमगि कोकिला बोली, विरहनि विरह जगायौं ॥ ३ ॥ ताल, मृदंग बाँसुरी बीना ढफ, गावत मधुरी बानी ॥ देति परस्पर गारि मुदित व्है, तरुनी, बाल, सयानी ॥४॥ सुरपुर, नरपुर, नाग-लोक जल, थल, क्रीडा रस पावै ॥ प्रथम बसंत पंचमी लीला 'सूरदास' गुन गावै ॥ ५ ॥ १८ ॥卐॥

यह देखि पंचमी ऋतु बसंत ॥ जहँ द्रुम अरु वेली सब फलंत ॥ १ ॥ तहँ पठई ललिता करि विचार ॥ नव कुंजन मैं करि हैं विहार ॥ २ ॥ लै आई सब सिंगार साज ॥ हँसि दौरि मिले मनौं मदन राज ॥ ३ ॥ नव केसरि चोवा अंगराग ॥ खेलति गुपाल बढ्यो अनुराग ॥४॥ कुल कोकिल कलरवि मुख समाज ॥ अलि गुंजन पुंजन कुंज

गाज ॥५॥ रति कुंभ लई ठाडी निहारि ॥ मधि राजति सरस सब बेस वारि ॥६॥ सखी ताल मृदंग बजाइ गाइ ॥ तहँ 'द्वारिकेस' बलिहारी जाइ ॥ ७ ॥ १९ ॥ 卐 ॥ बधाई के पद ॥ ताल धमार ॥ आजु बसंत बधायों है श्रीवल्लभ राज दुआर ॥ विट्ठलनाथ कियो है रचि रुचि, नव बसंत कों सिंगार ॥ १ ॥ बल्लभी सृष्टि समाज संग सब, बोलति जय जयकार ॥ पुष्टिभाव सों पूजत है मिलि बाढ्यौं रंग अपार ॥ २ ॥ प्रेम भक्ति कों दान करत श्रीवल्लभ परम उदार ॥ कृपा दृष्टि अवलोकि दास कों देति हैं पान उगार ॥ ३ ॥ श्रीवल्लभराज कुमार लाल ब्रजराज कुंवर अनुहार ॥ ऐसो अद-भुत रुप अनुपम 'रसिक' जात बलिहार ॥४॥१॥ 卐 ॥ ताल ध्रुपद ॥ केसरी उपरना ओढें केसर की धौती ॥ केसर को तिलक सोहे श्रीविट्ठल छबि

जौती ॥ १ ॥ खट मुद्रा सोभित माला उर आभू-
पन भूपित सब अंग ॥ नख सिख निरखति
श्रीवल्लभ सुत लजित भयों अनंग ॥ २ ॥ आयों
ऋतुराज परम रमनीक अति सुखकारी फागुन
मास ॥ अति सुखदाइक कृष्ण सप्तमी व्रजपति
पूरी आस ॥ ३ ॥ आजु बडो दिन महा महो-
च्छव करत श्रीविट्ठलनाथ॥ गिरधर आदि प्रभृति
सप्त सुत निजजन कीए सनाथ ॥ ४ ॥ कीए
सुगंध फुलेल उबटनो कीए जु केसरि स्नान ॥
कीए सिंगार मनोहर सब अँग पीत बसन परि-
धान ॥ ५ ॥ नख सिख विविधि भाँति आभूपन
सोभित गिरिधर लाल ॥ कुलह केसरी सीस
विराजीति मृगमद तिलक सुभाल ॥ ६ ॥ खट
रस विंजन विविधि भाँति के कीए पकवान रसाल॥
आदर सौं जिमावति भावति गोकुल के प्रतिपाल

॥ ७ ॥ दे बीरा छिरकति चोवा चंदन कुँमकुम अबीर गुलाल ॥ ज्यों गुलाब कुसुम अति सोभित. सोभित सुंदर भाल ॥ ८ ॥ गावति गुन गंधर्व गलित मन बाजति सरस मृदंग ॥ ताल रबाब झांझि ढफ महुवरि राजत सरस सुधंग ॥९॥ अति आदर सौं करि न्योछावर आनंद उर न समाइ ॥ आरति वारत श्रीमुख उपर 'गोविंद' बलि बलि जाइ ॥१०॥२॥卐॥ ताल धमार ॥ खेलति बसंत वर विट्ठलेश ॥ आनंदकंद गोकुल सुदेस ॥ ध्रु० ॥ श्रीगिरिधर गोविंद संग ॥ श्री बालकृष्ण लजित अनंग ॥ श्री गोकुलनाथ अनाथनाथ ॥ रघुनाथ नवल जदुनाथ साथ ॥ १ ॥ श्री घनस्याम अभिराम धाम ॥ श्री कल्यानराइ परिपूरन काम ॥ मुरलीधर आदि समस्त बाल ॥ सेवक विचित्र सेवा रसाल ॥ २ ॥ जहाँ उडति गुलाल अबीर

रंग तहँ बाजति ताल मृदंग चंग ॥ जहँ गिरिवरधारी खेलति आइ ॥ तहँ 'लघु गुपाल' बलिहारी जाइ ॥ ३ ॥ ३ ॥ 卐 ॥ खेलति बसंत बर विट्ठलेश ॥ मिलि रसिक राइ गोवरधनेस ॥ ध्रु० ॥ मृगमद कपूर केसरि सुरंग ॥ अति सौंधे सांने कुसुम रंग ॥ दोउ भरि पिचकाई अति उमंग ॥ तकि भरति परस्पर सुभग अंग ॥ १ ॥ भरि नव अबीर नौतन गुलाल ॥ अरगजा लगावत ललित गाल ॥ दोउ हँसति लसति आनंद ख्याल ॥ पहेरावति सुवन सुगंध माल ॥ २ ॥ चमेली फुलेल सु राइवेलि ॥ मच्यौं खेलि अति रंग रेलि ॥ सब गोकुल सौरभ रह्यो फैलि ॥ मधु मत्त मधुप रस रह्यो झेलि ॥३॥ तहँ बाजत चंग मृदंग ताल ॥ सुर मिलत मुरली गावे गुपाल ॥ व्रज जन रीझे जिय अति रसाल ॥ सुख देति सबन गिरिधरनलाल ॥४॥४॥卐॥

खेलति बसंत वल्लभकुमार ॥ सोभा समुद्र बाढे अति अपार ॥ १ ॥ श्री गिरिधर गिरिधरन नाथ ॥ भरि रंग कनक पिचकाई हाथ ॥ २ ॥ श्री गोविंद बालकृष्णजी संग ॥ छिरकति डारति बहु भांति रंग ॥ ३ ॥ रस खेलति खेल गोकुल के नाथ ॥ केसरि रंग सोहत पाग माथ ॥ ४ ॥ श्री रघुपति जदुपति अति सुदेस ॥ घनस्याम सुभग सुंदर सुवेस ॥५॥ श्री कल्यानराइ लीला रसाल ॥ मुरलीधर दामोदर कृपाल ॥ ६ ॥ गोपीनाथ बालक विनोद ॥ सेवक जन निरखति मन प्रमोद ॥ ७ ॥ श्री गोकुल परम सुदेस धाम ॥ मिलि गावति गीत विचित्र बाम ॥ ८ ॥ बाजत मृदंग मुख चंग रँग ॥ बीना कठताल पिनाक रंग ऊपंग ॥९॥ केसरि चोवा म्रगमद फुलेल ॥ ब्रज भामिनि छिरकति रेल पेल ॥ १० ॥ झोरी भरि भरि उडवति गुलाल ॥ मुख

बोलति हो हो होरी ग्वाल ॥ ११ ॥ यह सुख सोभा कही न जाय ॥ 'जन दास' निरखि बलिहारी जाय ॥ १२ ॥ ५ ॥ 卐 ॥ वंदौं पद पंकज नंदलाल ॥ जे भवतारन पूरन कृपाल ॥ ध्रु० ॥ चित चिंतत हो बुधि विसाल ॥ कृपा करन और दीनदयाल ॥ सदाँ बसो मेरे हिये माय ॥ कुँवरि माधुरी चितहि धाय ॥१॥ तिमिर हरन सुखकर आनंद ॥ मुनि वंदन आनंदकंद ॥ स्याम मुकट मनि कमल नैन ॥ छवि समूह पै लजित मैन ॥ २ ॥ गोकुल पति गुन नाहिन पार ॥ श्री नंद सुवन सुमिरौ उदार ॥ निगमागम सब ओघ सार ॥ सोई ब्रिंदावन प्रगट्यौं विहार ॥ ३ ॥ ऋतु बसंत पहिलो समाज ॥ तहँ मुदित जुवति जन सजि जु साज ॥ मुदित चले जहँ 'मुरस्याम' ॥ बसंत बधावन नंद धाम ॥ ४ ॥ ॥ ६ ॥ 卐 ॥ वंदौं पद पंकज विट्ठलेस ॥ श्री वल्लभ

कुल दीपक सुवेस ॥ १ ॥ जिनकी महिमा जे कहैं उदार ॥ अति जस प्रगट कियौं संसार ॥ २ ॥ इन सरन नीच जे तजि विकार ॥ तिनैं भवनिधि तरति न लगति बार ॥ ३ ॥ करि सार अरथ भागवत परमान ॥ कीए खंडन पाखंड आन ॥ ४ ॥ बाँधि मरजादा सब बेद मान ॥ जन दीन उद्धरन सुख निधान ॥ ५ ॥ जिहि बंस परम आनंद दैन ॥ 'पुरुषोत्तम' सब सुख के ऐन ॥ ६ ॥ ७ ॥ 卐 ॥

कुलह, भोजन के पद ॥ ताल धमार ॥ रिंगन करति कान्ह आँगन मैं कर लीयै नवनीत ॥ सोभित नील जलद तन सुंदर पैहरै झगुली पीत ॥ १ ॥ रुनु झुनु, रुनु झुनु, ज्यौं नुपुर बाजे, त्यौं पगु ठुमकि धरैं ॥ कटि किंकिनि कलरव मनोहर सुनि किलकार करैं ॥ २ ॥ दुलरी कंठ कनिक द्रुम कानन दीयौ कपोल दिठौना ॥ भाल बिसाल तिलक गो-

रोचन अलिकावलि अलि छौना ॥ ३ ॥ लटकन लटकि रह्यौं भुव ऊपर, कुलह सुरंग बनी ॥ सिंध-दवार तैं उऊकि उऊकि छवि, निरखत हैं सजनी ॥ ४ ॥ नंद नँदन उन तन चितवतही प्रेम मगन मन आई ॥ कंचन थारु साजि घर घर तैं वहु विधि भोजन लाई ॥ ५ ॥ मनि मंदिर मुढा पै सुंदरि, अपने वसन विछावैं ॥ बालकृष्ण कौं जो रुचि उपजै अपने हाथ जिमावैं ॥ ६ ॥ जल अच वाइ वदन पौंछत अरु बीरी देत सुधारी ॥ हियैं लगाइ वदन चुंवन करि सरवसु डारति वारी ॥७॥ नैननि अंजन दै लालन कैं म्रगमद खोरि करैं ॥ सुरँग गुलाल लगाइ कपोलन चिबुक अबीर भरैं ॥ ८ ॥ चोवा चंदन छिरकि अबीर गुलालन फेंट भगई ॥ तनक तनक सी मोहन कौं भरि देति कनक पिचकाई ॥ ९ ॥ आपुस माँऊ परस्पर

छिरकति लालन पै छिरकावैं ॥ न्हैंनी न्हैंनी मुठी भराइ रंगन सौं सैनन नैन भरावैं॥१०॥ निरग्वि निरखि फूलति नँदरानी तन मन मोद भरी ॥ नित प्रति तुम मेरे घर आवो मानौं सुफल घरी ॥ ११ ॥ देत असीस सकल व्रजवनिता, जसुमति भागि तिहारो ॥ कोटि बरस चिरुजीयो यह व्रज जीवन प्रान हमारो ॥ १२ ॥ १ ॥ 卐 ॥ टीपारेके पद ॥ ताल धमार ॥ खेलति बसंत गिरिधरन चंद ॥ आनंद कंद धर मनके फंद ॥ ध्रु० ॥ सोहति सँग सुंदरि बेनु बीन ॥ वृषभानु कुँवरि अतिसै प्रवीन ॥ दोऊ छवि के सिंधु तहँ रहति लीन ॥ ललितादि सखीन के नैन मीन ॥ १ ॥ बनी मंजु कुंज जमुनाके कूल ॥ भीने नव केसरि दुकुल ॥ रँग भरति हँसति दोऊ सुखके मूल ॥ तिनें देखि मिटै सब तन की सूल ॥ २ ॥ धिधि धृकुटी धृंग

बाजति मृदंग डि डि डिमक डमक ढफ मिलै है संग ॥ ठठठनन ठनन करै ताल रंग ॥ गग गनन गनन बाजै उपंग ॥ ३ ॥ गावति अलापित तननननन निंदित कोकिल सुर समननन ॥ रँग भरति बलहि करि झिनि नननन ॥ इन भेरे री नेंन इन इनन इन ॥ ४ ॥ रँग भरति परसपरि करति हास ॥ नहिं बरनि जात रसना बिलास ॥ सब बंधी हें जुगल हित प्रेम पास ॥ बलिहारि गए जहँ 'कृष्णदास' ॥ ५ ॥ १ ॥ 卐 ॥ गोपी जन बल्लभ जै मुकुंद ॥ मुख मुरली नाद आनंद कंद ॥ ध्रु० ॥ जै रास रसिक रवनी सुवेस ॥ सिखिन सिखंड बिराजै केस ॥ गुंजा बन धातु बिचित्र देह ॥ दरसन मन हरन बढावैं नेह ॥ १ ॥ जै सुंदर मंदिर धरनि धीर ॥ त्रिंदावन विहरति गोप बीर ॥ बनिता सत जूथ जु परम धाम ॥ लावनि कलेबर

कोटि काम ॥ २ ॥ जै वैजंती गर म्गन माल ॥ कमल अरुन लोचन बिसाल ॥ कुंडल मंडित भुज दंड मूल ॥ हरि निरत करति कालिंदी कूल ॥३॥ जै पुलकित खग मृगतर मराल ॥ मधुरि धुनि सुनि मुनि ध्यान टाल ॥ सुरपतिके मूर्छित तान गान ॥ सुनि थकित भए सुर मुनि विमान ॥४॥ जै जै श्री कृष्ण कला निधानु ॥ करुनामै जदुकुल जलज भानु ॥ भगवंत अनंत चरित तोरि ॥ कहैं 'माधो दास' मन मगन मोर ॥ ५ ॥ २ ॥ 卐 ॥ ताल ध्रुपद ॥ निरतति गावति बजावति मधुर मृदंग सप्त सुरन मिल राग हिंडोल ॥ पंचम सुर लै अलापत उघटत है सप्त तान मान थेई ता थेई ता थेई थेई कहति बोल ॥ १ ॥ कनक बरन टिपारों सिर कमल बरन काछनीं कटि छिरकति राधा करत कलोल ॥ 'कृष्णदास' त्रिंदाबन नटवत

गिरिधर पिय सुर बनिता वारत अमोल ॥२॥३॥卐॥

निरतके पद ॥ ताल चरचरी ॥ उडत बंदन नव अबीर बहु कुमकुमा खेलति बसंत बनै लाल गिरिवर धरन ॥ मंडित सु अंग सोभा स्याम सोभित ललन मनौं मनमथ बान साजि आए लरन ॥१॥ तरनि तनया तीर ठौर रमनीक बन द्रुम लता कुसुम मुकलित सु नाना बरन ॥ मधुर सुर मधुप गुंजार करै पीक शब्द रस लुब्ध लागे दुहुं दिस कुलाहल करन ॥ २ ॥ आइ बनि बनि सकल घोख की सुंदरी, पहरि तन कनक नव चीर पट आभरन ॥ मधुर सुर गीत गावैं सुघर नागरी चारु निरतति मुदित कुनित नूपुर चरन ॥ ३ ॥ वदन पंकज अधर बिंब सोभित चारु झलकत कपोल अति चपल कुंडल किरन ॥ 'दास कुंभन' निनाद हरिदास वर्य धर नंद नँदन कुँवर जुवति

जन मन हरन ॥ ४ ॥ १ ॥ 卐 ॥ ताल धुपद ॥ ऋतु बसंत तरु लसंत मन हसंत कामिनी भामिनी सब अंग अंग रमित फागुरी ॥ चरचरी अति बिकट ताल गावति संगीत रसाल उरप तिरप लासि तांडव लेत लागुरी ॥ १ ॥ चंदन बूका गुलाल छिरकति ताकि नैन भाल लाल गाल मृगज लेप अधर दागुरी ॥ गिरिवर धरि रसिकराइ मेचक मुँदरी लगाइ कंचुकी पर छाप दीए चकित नागरी ॥ २ ॥ बाजति रसना मंजीर कूजति पिक मोर कीर पवन भीर जमुना तीर महल बागुरी ॥ 'विस्नुदास' प्रभु प्यारी भेटत हसि देत तारी काम कला निपट निपुन प्रेम आगरी ॥ ३ ॥ २ ॥ 卐 ॥ ताल धमार ॥ ऐसें नवल लाल खेलति बसंत जहँ मोहि रहे सब जीव जंत ॥ फूले कुसुम अनेक रंग उतसै डोलै अनंग ॥ सीतल सुवास

लगे पवन अंग ॥ बोलति पिक चातक मोर संग ॥ १ ॥ ढफ दुंदुभि औ संख भेरि ॥ बिच गावति किंन्नरि टेरि टेरी ॥ नाचति ब्रज गोपी फेरि फेरि ॥ सूर बरखति कुसमन हेरि हेरि ॥ २ ॥ घसि चोवा चंदन अगर घोरि ॥ केसरि कपूर रंग बसन बोरि ॥ ब्रज जुवतिन के चित चोरि चोरि कीने कौतुहल सब पोरि पोरि ॥३॥ जै जै जै बानी प्रकास ॥ सब ब्रज जनके मन भयो हुलास ॥ तहां बडभागी है सूरदास ॥ वह निमप न छांडै हरि कौं पास ॥ ४ ॥ ३ ॥ 卐 ॥ जुवति वृंद सँग स्याम मनोहर खेलति बसंत और ही भाँति ॥ अरुन हरित मुकलित द्रुम मंडल मधुप हलावत अंकुर पांति ॥१॥ तरनि तनया तट पुलिन रम्यमें जहँ तहँ बन कोकिल किलकाँति ॥ पूरन कला रोहिनी बल्लभ उदित मदन कुसुमाकरि राति ॥ २ ॥ बाजति

ताल मृदंग अघोटी बीना बेनु मिलत सुर जाति ॥ उरप तिरप गति अभिनव ललना पग नूपुर संचित किलकाँति ॥ ३ ॥ विविधि सुगंध कुँमकुमा छिरकति पिय बनिता बनिता पिय गात ॥ विविध विहार विविध पट भूषन किरनि लजावत उडगन काँति ॥ ४ ॥ मोहनलाल गोवरधन धरि कौं रुप, नैन पीवत न अघात ॥ 'कृष्णदास' प्रभु बानिक निरखति व्योम जान ललना ललचात ॥ ५ ॥ ४ ॥ 卐 ताल धमार ॥ नवकुंज कुंज कूंजत विहंग ॥ मानौं बाजे बाजति नृप अनंग ॥ द्रुम फुलि रहे सब फलनि संग ॥ मधि अति सूबास और विविध रंग ॥ १ ॥ जहँ बाजति झालरि ताल संग ॥ अधवट आवज बीना उपंग ॥ अरु श्री मंडल महुवरि मृदंग ॥ कहि लाग डाट लै मोरि अंग ॥ २ ॥ धृम धिधि कटि ता धिम ता धिलांग ॥ दोऊ गान लेत निरतत

सुधंग ॥ बूका गुलाल डारति उतंग ॥ बलि 'द्वार केस' छबि जुग त्रिभंग ॥ ३ ॥ ५ ॥ 卐 ॥ ताल चरचरी ॥ नंद नंदन नवल सुभग जमुना पुलिन नवल नागरि मिलि बसंत खेलै ॥ सुखद त्रिंदा विपुन तरु कुसुम झुमका चलति मलय पवन वस करति पेलै ॥१॥ घोप सब सुंदरी सकल सिंगार साजि आई ग्रेह ग्रेह तैं निकस करति केलैं ॥ भई रतिपति विवस मत्त गज गामिनी काम अभिरामनी रंग रेलै ॥ २ ॥ ईते बालक तरुन सबै एकत भए करन पिचकाई लिये भुजन ठेलै ॥ लाज ग्रेह कान, तज लाज गुरु जननकी, गारी गावै जुवति वृंद भेलैं ॥ ३ ॥ मदन मोहन रसिक तिने सिखवत वचन जुथ पर जुथ कर पलक पेलैं ॥ देखि विथकित भई अमर पुर नायका गिरिधरन मदन रस सिंधु झेलैं ॥ ४॥ ६॥ 卐 ॥ नंद नँदन बृपभानु नंदनी संग सरस ऋतुराज विहरति बसंते ॥ इत सखा संग

सोभित श्रीगिरिबरधरन उत जुवति जन मधि गधा लसंते॥१॥सूरजा तट सुभग परम रमनीय वन सुखद मारुत मलय मृदुल बहंते॥ प्रफुलित मल्लिका मालती माधवी कुहुँ कुहुँ सब्द कोकिल हसंते ॥२॥ विविध सुर ग्राम तीन ग्राम गावत सुघर नागरी ताल कठ-ताल बाजति मृदंगे ॥ बेनु बीना अमृत कुंडली किन्नरी झांझि बहु भांति चंग उपंगे॥ ३ ॥ चंदन सु बंदन अबीर नव अरगजा मेद गोरा साख बहु घसंते॥ छिरकति परसपरि सु दंपति रस भरे करतिं बहु केलि मुसकनि हसंते ॥४॥ देखि सोभा सुभग मोहे सिव बिधि तहाँ थकित अमरेस लजित अनंगे॥ 'गोविंद' प्रभु हरिदास बर्य धरि घोप पति जुवति जन मान भंगे ॥ ५ ॥ ६ ॥ 卐 ताल धुपद ॥ नवल बसंत फूल फूलें॥ गिरिधरि पिय प्रमुदित प्यारी संग विहरति तरनि सुता कुलै॥१॥ कलि कलिका कलि

कोकिल कूजति मिथुन, मधूप अंकूर रस भूलै ॥ 'कृष्ण दास' प्रभू कौतिक सागर सरजति सुर पादप कै मूलै ॥ २ ॥ ६ ॥ 卐 ॥ ताल धमार ॥ नवल बसंत कुसमित ब्रिंदाबन मुकलित बन कली ॥ कल कल कोकिल कीर सनादित गुंजत अली ॥ १ ॥ नव जुवती नव रँग पिय सँग करत रंग रली ॥ नबल तमाल मनौ नव बेली बरन वर प्रेम फल सुबिधि फली ॥ २ ॥ तांडव, लासि बिहार चलति सप्त सुरन सहित तान चली ॥ सुनि 'कृष्ण दास' विविध सुगंधन विलसत ऋतु सुख रास भली ॥ ३ ॥ ७ ॥ 卐 ॥ नवल बसंत नवल ब्रिंदाबन खेलति नवल गोबरधन धारी ॥ हलधर नवल नवल व्रज बालक नबल नबल बनी गोकुल नारी ॥ १ ॥ नवल जमुना तट नवल विमल जल नूतन मंद सुगंध समीर ॥ नवल कुसुम नव पल्लव साखा गुंजति नवल मधूप पिक कीर

॥२॥ नव अगमद नव अरगजा चंदन नऊतन अंग-सु, नवलअबीर॥ नव वंदन नव अरगजा, कुँमकुमा छिरकति नवल परसपर नीर॥ ३॥ नवल वेनु मद्दु-वरि बाजै अनूपम नौतन भूपण नौतन चीर॥ नवल रुपनव 'कृष्ण दास' प्रभुकौं नौतन जस गावति मुनि धीर॥ ४॥ ६॥ 卐॥ नवल वसंत नवल विंदावन नवलें फूलें फूल॥ नवल हे कान्ह नवल सव गोपी निरतत एकें कूल॥ १॥ नवल गुलाल उडे नव बुका नवल वसंत अमूल॥ नवलें छींट वनी केसरिकी मेंटत मनमथ सूल॥२॥ नवल ही ताल पखावज बीना नवल पवन कैं फूल॥ नवलें वाजे वाजत 'सीभट' कालिंदी के कूल॥३॥७॥ ताल धमार॥ 卐॥ वन फूले द्रुम कोकिला वोली मधूप ऊँकारन लागे॥ सुन भयों सोर रोर वंदी-जन मदन महीपति जागे॥ १॥ तिनहु दिनें अंकुर

पल्लव जे द्रुम पैलैं लागे ॥ मानौ रति पति रिऊ जाचकन बरन बरन दिये बागे ॥२॥ नए पात नई लता पोहुप नए नए रस पागे ॥ नवल केलि विलसति मोहन सँग 'सूर' रंग नए अनुरागे॥३॥८॥卐॥ ताल ध्रुपद ॥ त्रिंदावन खेलति हरि जुवति जूथ संग लियै हो हो हो हो होरी सुहाई ॥ दुंदुभी, मृदंग, चंग, आवज, बीना, उपंग, ताल, झांझ, मदन भेरि, मुरली, मुख चंग, ढोल महूवरि गोमुख, सहनाई ॥ १ ॥ अगमद चोवा गुलाल केसू केसर रसाल, छिरकति किलकारि देति, गावति गारी सुहाई ॥ निरखति सोभा अपार भूले सुधि बुधि सँभार सिव विरंचि सनकादिक बरखति गुन 'कृष्ण दास' बसंत ऋतु सुहाई ॥ २ ॥ ९ ॥卐॥ त्रिंदा विपिन नवल बसंत खेलति तरुन नबल बलबीर ॥ ब्रज बधू संग मुदित नाचति तरनि तनया तीर ॥१॥ अरुन

तरु मुकलित मनोहर बिबिध द्रुम गंभीर ॥ मधुप विहंग करत कुलाहल, मलय बहे समीर ॥ २ ॥ अगर कुँमकुम बहुत सौरभ, लसत भुपन चीर ॥ 'कृष्ण दास' बिलास सुखनिधि गिरिधरन गुन गंभीर ॥३॥१४॥卐॥ ताल धमार ॥ मदन गुपाल लाल सब सुखनिधि खेलति बसंत निकुंज देस ॥ जुवतीजन सोभित समूह तहँ पहिरैं भूपन नाना बेष ॥१॥ मुकलित नव द्रुम सघन मंजुरि कोकिल कल कूंजतिविसेप ॥ फूली नव मालती मनोहर मधुप गुँजारति ता मधेस ॥ २ ॥ बाजति ताल, मृदंग, झांझ, ढफ, आवज, बीना, किन्नरेस ॥ निरतत गुनी अनेक गुन भेरे गावत जीय व्हे व्हे आवेस ॥३॥ कुँकुम रँग सौं भरि पिचकाई तकति नैन औं सीस केस ॥ रँग रँग सोभा अंग अंग प्रति निरखि बिरह भाज्यौं बिदेस ॥ ४ ॥ जानति

नहीं जाम घरी बीतति, अति आनंद हिय प्रवेस ॥ 'दास चत्रभुज' प्रभु सब सुख निधि गिरिबरधर ब्रज जुवती नरेस ॥ ५॥१०॥卐॥ मधु ऋतु त्रिं-दावन आनंद न थोर॥ राजति नागरि नव किसोर॥ जूथिका जुथ रुप मंजरी रसाल ॥ बिथकित अलि मधु लाल गुलाल ॥१॥ चंपक, बकुल, कुल, बिधि सरोज ॥ केतकी मेदनी मुदित मनोज ॥२॥ रोचक रुचिर वहै त्रिविधि समीर ॥ पुलकित निरतत आनं-दित कीर ॥ ३ ॥ पावन पुलिन घन मंजल निकुंज ॥ किसलय सैंन रचित सुख पुंज ॥४॥ मंजीर मुरज ढफ मुरली मृदंग ॥ बाजति मधुर बीना मुख चंग ॥ ५ ॥ मृगमद मलयज कुँकुम अबीर ॥ चंदन अगर सौं चरचित चीर ॥ ६ ॥ गावति सुंदरि हरि मरम धमारि॥ पुलकित खग मृद बहत न बार॥७॥ हित 'हरिबंस' हंस हंसिनी समाज ॥ ऐसें ही करौ

मिलि जुग जुग राज ॥ ८ ॥ १६ ॥卐॥ पाग के पद ॥ तिताल ॥ केसरि सौं भीज्यौं बागौं भग्यौं है गुलाल॥ कहूँ कहूँ कृष्ण अगर सोंहत तन मोंहे मन अति ही सुंदर वर बनें नंदलाल ॥१॥ मरम फूलेल अरगजा, भीने कच ढरुकि रही जु पाग अरध भाल॥ 'जगतराइ' के प्रभु मुखहि तंबोल छवि उरस बनी सोहें सुवन माल ॥ २ ॥ १ ॥ 卐 ॥ ताल धमार ॥ खेलति बसंत आए मोहन अपने रंग ॥ करतल ताल कुनित बल अबलि जुवति मंडलि संग॥१॥ मुरज, मंजरी, चंग, महुवरि, बैन, विपान. म्रदंग॥ झालरी, जंत्र, उपंग, यंत्र, धुनि उपजत तान तरंग ॥ २॥ उडति अबीर गुलाल कुँमकुमा केसरि छिरके अंग ॥ गलित कुसुम सिर पागु लट पटी नाँचति ललित त्रिभंग ॥ ३ ॥ कोउ किन्नरि सरस गति मिलवत कोउ चंग॥ 'जन त्रिलोक' प्रभु विपिन

बिहारी चितवत उदित अनंग ॥ ४ ॥ २ ॥卐॥
खेलति बसंत गिरिधरन लाल॥ जहँ लाग्यो अबीर, गुलाल, भाल॥ १ ॥ केसरि छिरकति नवल बाल॥ लपटावत चोवा अति रसाल॥ २ ॥रही पाग ढरकि अरध भाल ॥ देखति मनमथ अति भयो विहाल ॥ ३ ॥ चंदन लाग्यौ दुहुं गाल ॥ तब मुरलीधर रिझवत गुपाल ॥ ४ ॥ श्री गोबरधन धरि रसिक राइ ॥ 'चत्रभुजदास' बलिहारी जाइ॥ ५ ॥३॥卐॥
पाग चंद्रिका के पद॥ मोहन बदन बिलोकति अखियन उपजत है अनुराग॥ तरनि तपत तलफत चकोर ससि पीवत सुधा पराग ॥ १ ॥ लोचन नलिन नए गजति रति पूरे मधुकर भाग ॥ मनौं अलि आनंद मिलैं मकरंद पिवत रस फाग ॥ २ ॥ भँवरि भाग भृकुटी पै चंदन बंदन बिंदु बिभाग ॥ ता तकि सोम मँक्यो घनघन में निरखति ज्यौं बैराग ॥३॥कुंचित

केस मयूर चंद्रिका मंडित कुसुम सुपाग ॥ मनौं मदन धनुष सर लीनैं बरखत हैं बन बाग ॥ ४ ॥ अधर बिंब ते अरुन मनोहर, मोहन मुरली राग ॥ मनौं सुधा पयोध घोर वर ब्रज पै बरखन लाग ॥ ५ ॥ कुंडल मकर, कपोलन झलकत, स्रम सीकर के दाग ॥ मनौं मीन कमल दल लोचन, सोभित सरद-तडाग ॥ ६ ॥ नासा तिलक प्रसून पदवीतर, चिबुक चारु चित खाग ॥ दारयौं दसन मंद मुसिकावनि मोहत सुर नर नाग ॥ ७ ॥ श्री गुपाल रस रुप भरी है 'सूर' सनेह सुहाग ॥ मनौं सोभा सिंधु बढयौं अति इन सखियन के भाग ॥८॥१॥卐॥ फूल के सिंगार ॥ ताल धमार ॥ फूलन की सारी पेहरें तन ॥ फूलन की कंचुकी फूलन की ओढनी, अंग अंग फूले ललना कैं मन ॥ १ ॥ फूलन के नवकेसरि फूलन की माला फूलन के

आभरन केस गूँथे फूलन घन॥ फूलन के हावभाव फूलन के चोज चाउ बिबिधि बरन फूल्यौं ब्रिंदा-बन ॥ २॥ श्रीगिरिधरि पिय के फूल नाहीं कोऊ समतूल गावति बसंत राग मिलि जुवति जन ॥ 'कृष्णदास' बलिहारी छिनु छिनु रखवारी अखिल लोक जुवति राधिका प्रान पतिन ॥ ३ ॥ १ ॥卐॥

मुकुट के पद ॥ ताल धमार ॥ देखो ब्रिंदावनकी भूमि कौं भागु ॥ जहँ राधा माधव खेलति फागु ॥ ध्रु० ॥ जाको सेस सहस्र-मुप लहै न अंत ॥ गुन गावै नारद से अनंत ॥ जाकौ अगम निगम कहै तेज पुंज ॥ सो तौं हो हो करत फिरैं कुंज कुंज ॥ १ ॥ जाके कोटिक ब्रह्मा कोटिक इंद्र ॥ जाके कोटिक सूरज कोटिक चंद्र ॥ जाकौं ध्यान धरति मुनि ग्रहें हारि ॥ ताकौं सकल गोपी मिलि देति गारि ॥ २ ॥ सोहै मोर मुकुट सिर तिलक

भाल ॥ ऐसे ललित लोल लोचन विसाल ॥ जाकि चितवनि मुसकनि हंस चाल ॥ लखी मोहि रही सब ब्रजकी बाल ॥ ३ ॥ जहँ बाजे बाजति तूर ताल ॥ सुर मंडल महुवरि धुनि रसाल ॥ बीना उपंग मुरली मृदंग ॥ बाजैं राइ गिरगिरी अरु चंग ॥ ४ ॥ जहँ करति कुतुहल गोपी ग्वाल ॥ तहँ उडति अबीर कुँमकुमा गुलाल ॥ ऐसे छांटति छिरकति फिरैं गुपाल ॥ ताते हर हर हरि हँसि भए खुसाल ॥५॥ जाकौं बेद कहेत है नेति नेति ॥ जासौं हँसि हँसि ग्वालिनि फगुवा लेति ॥ अद्-भुत लीला अपरंपार ॥ जाकौं सुर नर मुनि करै जय जयकार ॥ राधा जीवन उरकौ हार ॥ ऐसें "मुरली दास" प्रभु करै विहार ॥ ६ ॥ १ ॥ ॥ रासके पद ॥ ताल धमार ॥ नवल बसंत बीच बृंदा-बन मोहन रास रचायौं ॥ सुर बिमान चढि देखन

आए निरखि निरखि सुख पायौं ॥ १ ॥ नाँचति लाल पग नूपुर बाजैं मुरली सब्द सुहायौं ॥ ताल मृदंग, झांझ, ढफ बाजति सब इक तार मिलायौं ॥ २ ॥ साँवल, स्याम, गौर हैं प्यारी मिलि रस-सिंधु बढायौं ॥ गोपी ग्वाल परसपर नाँचति अद्‌भुत रंग जमायौं ॥ ३ ॥ कहा कहौं लीला राधा बरकी किनहुं अंत न पायौं ॥ या लीला पै वार वारनैं "रामदास" जस गायौ ॥४॥१॥卐॥ सहेराके पद ॥ ताल धमार ॥ खेलति बसंत बलभद्र देव ॥ लीला अनंत कोउ लहै न भेव ॥ ध्रु० ॥ सनकादि आदि मुख रचे ग्वार ॥ प्रगट करन ब्रज रज विहार ॥ सुख निधि गिरिधरि धर न धीर ॥ लियो बांटि बांटि ओलिन अबीर ॥१॥ मधु मंगल और सुबल मीदाम ॥ सखा सिरोमनि करत काम ॥ मधु मंगल आदि सकल ग्वाल ॥ बने सब के सिरोमनि नंद-

लाल ॥२॥ रचि पचि लै बहु अंबर बनाइ ॥ बागो बहु केसरि रँगाइ ॥ रही पाग लसि सिर सुरंग ॥ कुँवर रसिक मनि श्री त्रिभंग ॥३॥ सुनति चपल सब उठी हैं बाल ॥ भरि भाजन लीनें गुलाल ॥ हुलसि उठी तजि लोक लाज ॥ लई बोलि सब सखी समाज ॥४॥ काहू की को कोऊ न बदत कानि ॥ भरति हितून कौं जानि जानि ॥ ब्रजराज कुँवर बर निकट आइ ॥ नैननि सिराई निरखे अघाइ ॥५॥ चतुर सखी इक हास कीन ॥ दुरि मुरि बचाइ दृग गाँठि दीन ॥ पाछे तैं तारी बजाइ ॥ ब्याह गीत सब उठी हैं गाइ ॥६॥ तब बोले स्याम घन अपने मेल ॥ खिच्यौं चीर तब लख्यौं खेल ॥ लगी लाज चितवैं न और ॥ सखा कहैं आवो गाँठि तोर ॥७॥ सुनति बाल तब चली हैं धाइ ॥ बलभद्र वीर कौं गह्यो जाइ ॥ कटि पटुका पट पीत लीन ॥ भली भाँति

रँग समर दीन ॥८॥ परम पुरुष कोउ लहै न पार॥ ब्रजवासिन हित सहत गार॥ 'सूर' स्याम हँसि कहति बैन॥ भरति नैंन सुख बहुत दैंन॥९॥१॥卐॥ देखौ राधा माधौ सरस जोरि॥ खेलति बसंत पिय नवल किसोरि॥ध्रु०॥ इत हलधर संग सब ग्वाल बाल॥ मधि नायक सोहैं नंदलाल॥ उत जुवति जूथ अदभुत स्वरुप॥ माधव नायक सोहैं स्याम अति अनूप॥१॥ बोहोरि निकसि चले जमुना तीर॥ मानौं रतिनायक जीयकौं धीर॥ देखन रति नायक पीय हें जाइ॥ सँग ऋतु बसंत लै परत पाय॥२॥ बाजति ताल, म्रदंग, तूरि॥ पुनि भेरि, निसान, रबाब, धुरि॥ ढफ, सहनाई, झांझ, ढोल॥ हँसत परसपर करत कलोल॥३॥ चोवा, चंदन, मधि कपूर॥ साख, अगर, अग्गजा, चूर॥ जाई, जुही, चंपक, राइ बेलि॥ रसिक मधनमें करत केलि॥४॥ ब्रज बाढ्यो कौतिक

अनंत ॥ सुंदरि सब मिलि कियो मंत ॥ तुम नंद नंदन कौं पकरि लेऊ ॥ सखी संकरषन कौं मारि देऊ ॥५॥ नवल वधू कीनौं उपाइ ॥ चऊं दिस तें सब चली धाइ ॥ श्रीराधा पकरि स्याम कौं लाइ ॥ सखी संकरषन जिन भाजि जाइ ॥६॥ अहो संकरषन जू सुनौ बात ॥ नंदलाल छांडि तुम कहँ जात ॥ दे गारी बऊ विधि अनेक ॥ तब हलधर पकरे सखी इक ॥७॥ अंजन हलधर नैंन दीन ॥ केसरि कुँमकुम मुख मंजन कीन ॥ हलधर जू फगुवा आनि देऊ ॥ तुम कमल नैन कौं छुडाइ लेऊ ॥ ८॥ जो मांग्यो सो फगुवा दीन ॥ नवल लाल संग केलि कीन ॥ हँसति खेलति फिरि चले धाम ॥ ब्रज जुवती भई परि पूरन काम ॥९॥ नंदरानी ठाडी पोरि दुआरि ॥ नोछावरि बहु देत वारि ॥ ब्रषभान सुता संग रसिकराइ ॥ जन 'मानिकचंद' बलिहारी

जाइ ॥ १० ॥ २ ॥ 卐 ॥ केसरि बस्त्र के पद ॥ ताल धमार ॥ बिबिधि बसंत बनाऐं चलौं सब दैखन कुंवर कन्हाई ॥ गिरिघटीयां द्रुमलता सुगंध अलि ठाडे सजि सुखदाई ॥ १ ॥ बागों केसरी चोवा सोहै सुरँग गुलाल उडाई ॥ ब्रजबालक गावति कोलाहल धुनि 'ब्रजाधीस' मन भाई ॥२॥१॥卐॥ पीत, लाल वस्त्र के पद ॥ चलरी नवल निकुंज मंदिर मैं बन बसंत बैठे पिय प्यारी ॥ बागो पीत रँग बन्यौं भूपन लाल रँग छबि न्यारी ॥ १ ॥ सारी सुरंग, सोहै छबि नीकी कँचुकी पीत प्रिति अति भारी ॥ करि दरसन सुख केलि "सरस रँग" कुमल बिचित्र रँजीत सुखकारी ॥२॥१॥卐॥ दो, तीन तुकके पद ॥ ताल चोताल ॥ अबकैं बसंत न्यारोहि खेलैं मेरीसों न मिलि खेलैं नारी तेरीसौं ॥ दुचित होति कछु न सुख पइयतु काहु

सौं न मिलि मेरीसौं ॥१॥ देखैंगी जो रंग उपजैगो परसपर राग रंग नीकें करि फेरीसौं ॥ 'हरिदास' के स्वामी स्यामा कुंजविहारी रंगहीमें रंग उपजै केरीसौं ॥२॥१॥ 卐 ॥ आई ऋतु चहूं दिस फूले द्रुम कानन कोकिला समूह मिलि गावत बसंत ही ॥ मधुप गुंजारत मिलति सप्त सुर भयो है हुलास तनमन सब जंत ही ॥ १ ॥ मुदित रसिक जन उमगि भरे हैं नहि पावत मनमथ सुख अंत ही ॥ 'कुंभनदास' स्वामिनी वेगि चलि यह समे मिलि गिरिधर नव कंत ही ॥२॥२॥卐॥ कबकी हों खेलति मोहि सों अरत हो सबन छांडि मेरी आंखिन भरति हो ॥ रहो हो रहो हो हरि हो हूं न और त्रिय नेकु न टरत हो ॥ १ ॥ नैन मीडि फिरि फिरि मुसिकात जात हों हुं जानति तेसी मोसों करति हो ॥ 'कल्यान' के प्रभु गिरिधरि रति

पति विबस व्है न डरति हो ॥२॥३॥卐॥ जोबन मोर रोमावली सुफल कला कँचुकी बसंत ढाँपि लै चली बसंत पूजन ॥ बरन बरन कुसुम प्रफुलित अँब मोर ठौर ठौर लागे री कोकिला कूजन ॥ १ ॥ त्रिविधि सुगंध संभारि अरगजा, गावति ऋतुराज राग सहित व्रज वधू न॥ 'सूरदास' मदनमोहन प्यारी और पिय सहित चाहत कुसल सदा दुहुं जन ॥ २ ॥ ४ ॥ 卐 ॥ बसंत ऋतु आई अंग अंग सरसाई खेलति रसिक गिरिधरि पिय माई ॥ वन वन फूल रही बनराई मंद पवन लागति सुखदाई ॥ १ ॥ विहरति लाडिली लाल मनोहर महुवरि म्रदंग धुनि गतियन भाई ॥ यह ऋतुराज केलि रम रह्यों व्रज पैं 'सरस रँग' अदभुत छबि छाई ॥ ॥ २ ॥ ५ ॥ 卐 ॥ रँगरँगीलो नंदकों लाल रँगीली प्यारी व्रजकी वीथनि मैं खेलति फागु ॥ रँग-

रँगीले सँग सखा गन रँगीली नव वधु तमोंड़
जम्यौं रँगीलो बसंत रागु ॥१॥ रंग रंगकी ओऊट
छिरकति हरखि हरखि बरखि अनुराग ॥ 'नंद-
दास' प्रभु कांहालौं बरनूं बेद हु आपुन मुख
कह्यौं यह माननि बडभाग ॥२॥६॥ 卐 ॥ बसंत
ऋतु आई आयो पिय घर फूलैं बन उपवन हों
फूली सब तन॥ बिरहबिथी गई व्है गई पतझर भई नई
उलही कोमल आनंद घन ॥१॥ मत्त मधुप कुंजन
गुंजत मधुर शब्द कोकिल धुनि अलाप गावति
सब व्रजजन ॥ 'हरिवल्लभ' प्रभुकी बलि बलि
जै कैसे कैं रिझएरी उनकों मन ॥२॥ ७ ॥ 卐 ॥
ताल धमार ॥ अब जिनि मोहि भरो नंदनंदन
हों व्याकुल भई भारी ॥ कहत ही कहत कह्यौं
नहीं मानत देखे न ए खिलारी ॥ १ ॥ कालही
गुलाल पर्यौं आंखिनमैं अज हू भरी नई सारी ॥

'परमानंद' नंदके आंगन खेलति व्रजकी नारी ॥ २ ॥ १ ॥ 卐 ॥ केसरि छींट रुचिर बंदन रज स्याम सुभग तन सोहें ॥ बीच बीच चोवा लप-टानौं ऊपमा कौं याह को हैं ॥१॥ यह सुख ऋतु बसंतके औसर राधा नागरी जो हैं ॥ 'चतुरभुज' प्रभु गिरिधरिनलाल छवि कोटिक मनमथ मोहैं ॥२॥२॥卐॥ खेलति जुगल किसोर किसोरी ॥ चोवा चंदन अगर कुँमकुमा अबीर गुलाल लिये भरि झोरी ॥ १ ॥ ताल म्रदंग झांझि ढफ बाजति मुरलीकी थोरी ॥ राग बसंत दोहुं मिलि गावत यह सांवल यह गोरी ॥ रिझवत मोहन रँग परसपर सब निरखति मुख मोरी ॥ दास 'गोविंद' कलिंद मुना तट विहरति अदभुत जोरी ॥ ३ ॥ ३ ॥ 卐 ॥ गिरिधरिलाल रसभरें खेलति बिमल बसंत राधिका सँग ॥ उडति गुलाल अबीर अरगजा छिरकति

भरति परसपर रंग ॥ १ ॥ बाजति ताल म्रदंग अधोटी बीना मुरली तान तरंग ॥ 'कुंभनदास' प्रभु यह बिधि क्रीडति जमुना पुलिन लजावति अनंग ॥ २ ॥ ४ ॥ 卐 ॥ चलनि धरक बन देखि मखिरि द्विज प्रमुदित पिक बानी ॥ जमुना तीर सघन कुंजन बनि ठाढौ छैल गुमानी ॥ १ ॥ फूले बहु रँग कुसुम परागिन त्रिबिधि पवन सुख सांनी ॥ 'ब्रजाधीस' प्रभू सब सुख सागर दृगन सोभा रंग आनी ॥२॥५॥卐॥ चटकीली चोली तन पहेरे बिच चोवा लपटानौ ॥ परम पिये लागति प्यारी कों अपने प्रीतमकौ बानौ ॥ १ ॥ देखति सोभा अंग अंगकी मनसिज मनही लजानौ 'सुघरराइ' प्रभू प्यारीकी छबि निरखति मोह्यौ गोबरधन रानौ ॥ ॥ २ ॥ ६ ॥ 卐 ॥ छींट छबीली तन सुख सारी प्यारी पहेरे सोहै ॥ नवल लाल रस रुप छबीलौ

निरखति मनमथ मोहै ॥ १ ॥ केलि कला रस कुंज भुवनमें क्रीडति अति सुख सोंहै ॥ 'हरिदास' के स्वामी स्यामा कुंज विहारी उपमाकौं कहिए कोहै ॥२॥१॥卐॥ नवल बसंत नवल त्रिंदावन नवल लाल खेलति रँग भीनें हो ॥ नई गधिका नई सखीयन सँग नव सिंगार तन कीनें हो ॥ १ ॥ नई नई तान अलापति भामिनि नव केसरि छवि छीनें हो ॥ 'कृष्ण दास' गिरिधरिलाल अब होय रहे आधीनें हो ॥ २ ॥ ८ ॥ 卐 ॥ पटभूषन सजि चली भाँवती चंपक तन मुख चंद ॥ सुवन विविधि फूले द्रुम वेली मधुप पियत मकरंद ॥ १ ॥ अँग अँगकी छवि कहति न आवे मनसिज मन हि लजानों ॥ 'कृष्ण दास' प्रभु रसिक मुकुटमनि गाज्यों गोवरधन रानों ॥ २ ॥ ९ ॥ 卐 ॥ प्यारी कें मुखपर चोवाकौं राजति रुचिर डिठौना ॥

मनौ कमल मकरँद पियनकौं उडि बैठयौं अलि छौंना ॥ १ ॥ तेसेई चपल नैन अनियारे खंजन होत लजौनां ॥ 'जगन्नाथ कविराइके' प्रभु मुख यह छवि निरखति प्रमुदित नंद ढीठौनां ॥ ॥ २ ॥ १० ॥ 卐 ॥ बन उपवन ऋतुराज देखि मनमोहन खेलति बसंत आई ॥ केसरि सुरँग गुलाल परसपर मुख अंग लपटावति सुखदाई ॥१॥ त्रिविधि समीर पराग उडावति कोकिल गावति मृदु सरसाई ॥ 'ब्रजाधीस' प्रभु बलि मन मोह्यौं बाजति ताल मृदंग सुघराई ॥ २ ॥ ११ ॥ 卐 ॥ बन्यौ छबिलौ स्याम सखि चलि बंसीबट बसंत सुखदाई ॥ करि सिंगार आई, नंदनंदन जल छोरति पिचकाई ॥ १ ॥ कोउ कुसम माल लै आई सुरँग गुलाल कपोल लगाई ॥ 'ब्रजाधीस' प्रभु मृदु बीन बजावति गावति कोकिल सुर सरसाई ॥

२ ॥ १२ ॥ 卐 ॥ स्याम सुभग तन सोभित छींटैं नीकी लागी चंदनकी ॥ मंडित सुरँग अबीर कुँम-कुमा और सुदेस रज बंदनकी ॥१॥ 'कुंभनदास' मदन तन धन बलिहार कीयौ नंदनंदनकी ॥ गिरिधरिलाल रची बिधि मनौं जुवतीजन मन फंदनकी ॥२॥१३॥卐॥ श्री राधा प्यारी नवल बि-हारी नव निकुजमैं डोलै ॥ सकल सुगंधन मेलै परसपर हो हो होरी बोलै ॥१॥ गावति राग रँग सँगीतन उपजति तांन अतौलै ॥ 'हरिदास' के स्वामी स्यामा कुँज बिहारी अति सुख करति कलौलै ॥ २ ॥ १४ ॥卐॥ हो हो हरि खेलति बसंत ॥ मुकिलित बन कोकिल कल कुजति प्रमुदित मन गधिका कँत ॥ १ ॥ बिबिधि सुगंध छींट नीकी सोभित सुरति केलि लीला लसंत 'कृष्ण दास' प्रभु गिरिधरि नागर ब्रज भामिनि हिलमिल हँसंत

॥२॥१५॥卐॥ निरतके पद॥ चलि चलिरी बिंदावन बसंत आयौ॥ फूलि रहे फूलनकें झौंग मनु मकरंद उडायौ ॥१॥ केकी कीर कपोत अरु खग कुलाहल उपजायौ॥ नाचति स्यांम नचावति स्यांमा राधा जू राग जमायौ॥ २॥ चोवा चंदन अगर कुँम-कुमा अबीर गुलाल उडायौ॥ 'व्यास स्वामिनीकी' छवि निरखति रोम रोम सुख पायौ॥ ३॥ १७॥ ॥卐॥ लाल रँग भीनै बागे खेलति है री लालन लाहको सिर पैच बाँधै॥ केसरि आड अगर चंद-नकी पिचकाई भरि भरि साँधै॥१॥ इक गावति इक ताल देति इक रबाब बजावति काँधे॥ 'सुघ-रराई' कौं प्रभु रस बस करि लीनौं धा धिलंग धूंधे धांधै॥२॥१८॥卐॥ सरस बसंत सखा मिल खेले अद्भुत गति नंद नंदनकी॥ केसरि अगमद और अरगजा बनी कीच सुभ वंदनकी॥ १॥

निरतति मुदित मंडलि कैं मधि कोटि मैंन दुख खंडनकी ॥ 'सूर' स्याम छवि कहाँलौं बरनौ नंद लीला जग वंदनकी ॥२॥१९॥卐॥ परिसिष्ट ॥ ताल धमार ॥ श्री गिरिधरिलालकी बानिक उपर आज सखी तृन टूटै री ॥ चोवा चंदन अगर कुँमकुमा पिचकाईन रंग छूटै री ॥ १ ॥ लालकै नैना रगमगे दिखियत अंग अनंगन लूटै री ॥ 'कृष्ण दास' धनि धनि राधिका अधर सुधारस घुटै री ॥२॥१६॥卐॥ अरून अबीर जिन डारौ हो लालन दुखति आंखि हमारी ॥ कालहि गुलाल पर्यो आंखिनमैं अजहू न भई पिय सारी॥१॥ सब सखियन मिलि, मतो मत्यौ है अबकी बेर पिय देहु गारी ॥ हाहा खाति तेरै पैयां परति हू अब हों चेरि तिहारी ॥ २ ॥ हिलिमिलि खेलैं हो पिय हमसौं, मानौं सीख हमारी ॥ 'धोंधीकै' प्रभु तुम

बऊ नायक निस-दिन रहति हँकारी ॥३॥१७॥卐॥
मान आयौ आयौ पीय यह ऋतु बसंत ॥ दंपति मन
सुख बिरहि नैन अंत ॥ फागु खिलावौ सँग कंत॥ हा
हा करि तृन गहति दंत॥१॥ तुरत गए हरि लै मनाइ॥
हरखि मिलै हरि कँठ लाइ ॥ दुख डारयौ तुरत हि
भुलाइ ॥ सो सुख दुहूनकै ऊर न समाइ॥२॥ ऋतु
बसंत आगमन जानि ॥ नारि न राखौ मान
बानि ॥ 'सुरदास' प्रभु मिलै आनि ॥ रस राख्यौ रति
रँग ठानि ॥३॥१८॥卐॥ आयौ जान्यौ हरि जू ऋतु
बसंत ॥ ललना सुख दीनौ तुरंत ॥ध्रु०॥ फूले बरन
बरन कुसुम पलास ॥ रति नाइक सुख सौं बिलास॥
सँग नारि चहुँ आसपास ॥ मुरली अमृत करति
भास ॥ १ ॥ स्यामा स्याम बिलास इक ॥ सुख-
दाइक गोपी अनेक ॥ तजति नहीं कौउ छिनेक ॥
अलख निरँजन बिबिधि भेख ॥२॥ फागु रँग रस

करति स्याम ॥ जुवती पूरनि करति काम ॥ वासर हू सुख दैति जाम ॥ 'सूरदास' प्रभु कंत काम ॥३॥१९॥卐॥ ऋतु वसंत मुकलित वन सजनी सुवन जुथिका फूली ॥ गुनन गुनन गुंजति दुहुं दिस मधुप मंडली झुली॥१॥ श्रीगोवरधन तट कोकिल कुजति वचनन कर रस मूली ॥ देखि वदन गिरिधरनलाल कौं भई उडुपति गति लुली ॥२॥ ऋतु कुसुमाकर राका रजनी विग्हनि नित प्रति-कूली ॥ 'कृष्नदास' हरिदास वर्य धरि केलि कला अनुकुली ॥३॥२०॥卐॥ कुंज विहारी प्यारीके सँग खेलति वसंत श्री त्रिंदावनमें ॥ गोर स्याम सोभा रस सागर मोद विनोद समात न मनमें ॥१॥ तन सुखकी चोली कुँमकुम रँग, भीजि लगी न दिग्वियत तनमें ॥ उरज उघारेसे अनियारे गडि रहे लागर कें लोचनमें ॥ २ ॥ धाय धरी कामिनी

पिय मोहन हियै लसति ज्यौं दामिनी घनमैं ॥ 'व्यास स्वामिनी' जुवती जुथ मधि प्रतिबिंबति मोहन आनन मैं ॥३॥२१॥卐॥ कुसुमित बन देखन चलौ आज ॥ तहँ प्रगट भयौ रति रंग राज ॥ अति गुंजति कोकिल कल समेत॥ जुवतीजन मन आनंद दैत ॥१॥ राधिका सहित राजति निकुंज ॥ तहँ मदनमोहन सुंदरता पुंज ॥ दंपति रति रस गावै हुलास ॥ यह सदा बसौ मन 'सूरदास' ॥२॥२२॥ ॥卐॥ निरतके पद ॥ खेलति मदन गुपाल बसंत ॥ नागरि नवल रसिक चूरामनि सब विधि राधिका कँत ॥ १ ॥ नैन नैन प्रति चारू बिलोकनि बदन बदन प्रति सुंदर हास ॥ अंग अंग प्रति प्रीति निरंतर रति आगम निस जा हि बिलास ॥ २ ॥ बाजति ताल म्रदंग अधोटी ढफ बांसुरी कुलाहल केलि ॥ 'परमानंद' स्वामी कै संगम नाचति गावति

रंग रेलि ॥३॥२०॥卐॥ खेलि खेलि हो लडेंती राधे हरि कै संग बसंत ॥ मदन गुपाल मनोहर मूरति मिल्यौ है भावतो कंत ॥ १ ॥ कौन पून्य तपकौ फल भामिनि चरन कमल अनुराग ॥ कमल नैन कमलाकौ वल्लभ तुमकौं मिल्यौ सुहाग ॥२॥ यह कालिंदी यह त्रिंदावन यह तरु बरकी पांति ॥ 'परमानँद' स्वामी संग क्रीडति द्योस न जानि राति ॥३॥ २३ ॥卐॥ घन वन द्रुम फूलै सुमुख निहारै ॥ अंकुर मधि मदमत्त झुमति सखी मिथुन मधुप कुल डारहि डारै ॥१॥ कुहु-कुहु पिक बोलै मदन सिंधु कलोलै बऊ विहँग गावति अति सारै ॥ जुवती जूथ प्रति विंवति पिय उर मनिगन खचित विमल बर हारै ॥ २ ॥ गिरिधरि नवरँग सुनि सखी तुव सँग चाहति बसंत विहारै ॥ 'कृष्ण दास' प्रभु माधव मन हरि

जीति लैहुं रति मंत्र विचारैं ॥ ३ ॥ २४ ॥卐॥
चलौ विपिन देखिए गुपाल संग सोहत नव व्रजकी बाल ॥ ध्रु० ॥ लपटति ललित लता अति गजनि तरु तरवर ज्यौं तमाल ॥ जाहि जुही कदंब केतुकी चंपक बकुल गुलाब ॥१॥ कोमल कुल केलि किजे पिय तरनि तनिया के तीर ॥ सितल सुगंध मंद मलयानल बहेतु है त्रिविध समीर ॥२॥ प्रफुल्लित बकुल विविधि कुसुमावली तुमही गुंथो पिय माल॥ 'आमकरन' प्रभु मोहन नागर सुंदर नैन विसाल ॥ ३ ॥ २५ ॥卐॥ छिरकति छींट छबीली गधे चंदन भरि भरि बोरि रे ॥ अबीर गुलाल विविधि रँग सोंधो लोचन परि गई रोरी रे ॥ १ ॥ सरवसव वस कियौ रसिक कुमारी प्रेम फँद हिंडोरी रे ॥ 'सूर' प्रभु गिरिधरन लाल कौं दे रही मान अँकोरी रे ॥२॥२६॥卐॥ पीय देखो वन छवि

निहारि बारबार यह कहति नारि॥ध्रु०॥ नव पल्लव बऊ सुवन रँग ॥ द्रुम वेली तनु भयौ अनंग ॥ भँवरा भँवरी भ्रमत सँग ॥ जमुना करति नाना तरँग बिच पंकज ता मधि भृँग॥१॥ त्रिविधि पवन महा हरख दैन॥सदा वहति तहँ रहति चैन॥ 'सूर दास' प्रभु करि तुरत गैन॥ चलै नारि मन सुखदु मैन॥२॥२७॥卐॥

फूल फूलैगी चलि दैखन जैए नव बसंत द्रुम वेली ॥ नवरंग मदन गुपाल मनोहर नवल गधिका केली ॥ ऋतु कुसुमाकर राका रजनी मधुप वृंद सब हेली ॥ मनौ मुदित जुवती मंडलमधि खरजादिक तानन मेली ॥ २ ॥ विविधि विहार विविधि पट भुपन विविधि भांति खेला खैली ॥ मुनि 'कृष्ण दास' सुरति रस सागर गिरिधरि पिय विरहे व्रज पैली ॥ ३ ॥ २८ ॥ 卐 ॥ फूली द्रुम वेलि भांति भांति ॥ मनौ नव बसंत सौभा कही न

जाति ॥ अंग अंग सुख विलसति सघन कुंज ॥ छिनु छिनु उपजति आनंद पुंज ॥ १ ॥ देखि रँग रँगे हरखै नैन ॥ स्रवनन पोखति पिक मधुप बैन ॥ सुख दायक नासा नव अमोद ॥ रसना बऊ स्वादन बहोत विनोद ॥ २ ॥ कुसुमन कुसुमाकर सुहाइ ॥ त्रिविधि समीर हियो सिराइ 'दास चतुरभुज' प्रभु गुपाल ॥ बन बिहरति गिरि-धरनलाल ॥ ३ ॥ २९ ॥ 卐 ॥ ब्रिंदावन फूल्यों नव हुलास गोबरधन गिरि कें आस-पास ॥ ध्रु० ॥ चलि सजल कदली पुंज झोपि ॥ तरु तरल तरुनता अरुन कोपि ॥ जुवती जन बिह-रति मदन चोंपि ॥ तन मन धन जोवन हरि हें सोंपि ॥ १ ॥ सित असित कुसुम मंडपन छांह ॥ कल कमोद कुंद मंदार तहाँ ॥ खेलति बसंत गिरि-धरन जहाँ ॥ ब्रषभान सुता कें कंठ बाँह ॥ २ ॥

भयौ अनंग अंग विन सिवकैं ताप ॥ सोई फेरि अब स्थिर रही थाप ॥ भइ मगन मिट्यौ अब सब संताप ॥ श्रीवल्लभ सुत पद रज प्रताप ॥३॥ ॥ ३० ॥ 卐 ॥ विहरति वन सरस वसंत स्याम ॥ जुवतीजूथ गावै लीला अभिराम ॥ ध्रु० ॥ मुकि-लित नूतन सघन तमाल ॥ जाई जुही चंपक गुलाल ॥ पारजात मंदार माल ॥ लपटाति मत्त मधुकरन जाल ॥ १ ॥ कूटज, कदंब, सुदेस ताल ॥ देखि वन रीझै मोहनलाल ॥ अति कोमल नूतन प्रवाल ॥ कोकिल कल कूजति अति रसाल ॥ २ ॥ ललित लवंग लता सुवास ॥ केतुकी तरुनी मनौ करति हास ॥ इह भांति लालन करौ विलास ॥ वारने जाइ जन 'गोविंद दास' ॥३॥३१॥卐॥ मुख मुसकनि मन वसी नवल वर, चितवनि चित हरि लीनौ ॥ कुंजनि केलि रहसि रस वरखति और

अरगजा भीनौ ॥ १ ॥ अबीर अगर मत वरन बिराजति राग बसंते कीनौ ॥ 'हरिदास' के स्वामि स्यामा कुंजविहारी देखौ मैंन मन हीनौ ॥ २ ॥ ॥३२॥卐॥ रतनजटित पिचकाई कर लिए भरति लालकौं भावै ॥ चोवा चंदन अगर कुँमकुमा विविधि बुंद बरखावै ॥ १ ॥ कबहुंक कटि पटि बाँधि निसंक लौं लै नवला सीधावै ॥ मनौ सरद चंद्रमा प्रगट्यौ ब्रजमंडल तिमिर नसावै ॥ २ ॥ उडति गुलाल परसपर आँधी रह्यौ गगन लौं छाई ॥ 'चतुरभुज' प्रभु गिरिधरन लाल छवि मोपै बरनी न जाई ॥ ३ ॥ ३३ ॥卐॥ ऋतु बसंत स्याम घर आए तन मन धन सब वारौं ॥ लै गुलाल और अँगन छिरकौं पलकन सौं मग झारौं ॥ १ ॥ चोवा चंदन और अरगजा सब सखियन पै डारौं ॥ उडति गुलाल लाल भए

बादर भरि पिचकारी मारौं ॥ २ ॥ खेलौंगी में चतुर पियासौं आय वसंत सँवारौ ॥ 'सूरदास' अनहीतन के मुख सब भूपन भरि डारौं ॥ ३ ॥ ॥३४॥卐॥ लाल गुपाल गुलाल हमारी आँखिन में जिन डारौ जू ॥ वदन चँद्रमा नैन चकोरी इन अंतर जिन पारौ जू ॥ १ ॥ गावौ राग वसंत परसपर अटपटे खेल निवारौ जू ॥ कुँकुम रंगसौं भरि पिचकारी तकि नैनन जिन मारौं जू ॥२॥ वंक विलोचन दुखके मोचन भरिकै दृष्टि निहारौ जू ॥ नागरी नायक सब सुखदायक 'कृष्णदास' कौं तारौ जू ॥ ३ ॥ ३५ ॥卐॥ सुनि प्यारी के लाल बिहारी खेलनि चलौ खेलैं ॥ चंदन वंदन अरु अरगजा कुँकुम रस लै पेलै ॥ १ ॥ लिए अबीर अरगजा कुंज कुंज में केलैं ॥ तुम हम-कौं हम तुमकौं छिरकैं रंग परसपर झेलै ॥ २ ॥

मलय समीर रसति अलि दंपति लूमन पाद पद्मजा याती ॥ ब्रिंदा विपिन तरनि तनया तट सुखद चँदकी राती ॥ २ ॥ बिहरति सखी जूथ लै पिय सँग बाँधी प्रेमकी गाती ॥ सुरति बिलास गुन रासि राधिका 'रसिक' कँठ लपटाती ॥३॥ ॥ २ ॥卐॥ नवल बसंत फूली जाती ॥ पिक कुहु कुहु स्याम गुपालह भावै अँब डार मधु-माती ॥ १ ॥ इहि औसर मिलि लाल गिरिधरि सौं बाँधी प्रेम गुन गाती ॥ "कृष्ण दास" स्वामिनी राधिका सुरति केलि रँग राती ॥ २ ॥ ॥ ३ ॥卐॥ रहो रहो बिहारी जू मेरी आँखिनमैं बूका जिन मेलौ ॥ अंतर व्है मुख अवलोकनकौ ॥ और भाँमनी तिहारी भिल्यौ चाहै मिस करि पैंया लागौं पलपलकौं ॥ १ ॥ गावति खेलति जो सुख उपजति सो न कोटि बल है जुवतीनकौं ॥ हरि-

दासके स्वामी कौं हँसति खेलति मुख कहँ पाइ-यत है यह सुख मनकौं ॥ २ ॥ ४ ॥卐॥ सब अंग छींटै लागी नीको बन्यौं बान ॥ गोरा अगर अर-गजा छिरकति खेलति गोपी कान्ह ॥१॥ हाथन भरै कनक पिचकाई भरि भरि दैति सुजान ॥ सुर नर मुनि जन कौतिक भूलि जय जय जदु कुल भान ॥२॥ ताल पखावज बेनु बांसुरी राग रागिनी तान ॥ विमला "नंददास" बलि बंदित नहि उप-माकौं आन॥३॥५॥卐॥ ताल चोताल॥ आई बसंत ऋतु अनूप नूत कंत मोरै ॥ बोलति बन कोकिला मनौं कुहु कुहु रस ढोरै ॥१॥ फूली बनराइ जाइ कुंद कुसम घोरै ॥ मद रस कै माते मधुप फिरति दौरे दौरै ॥२॥ हम–तुम मिलि खेलैं लाल कुंज भवन चौरे ॥ 'गोविंद' प्रभु नंद सुवन खेलति ईक ठौरे ॥ ३ ॥ १ ॥ 卐 ॥ इत हि कुँवर कान्ह

कमल नैंन, उतहि जुवती जहँ सकल ब्रजबासी ॥ खेलति वर बसंत बांनिक सौं, बरनौं कहा छबि प्रगट भई मनौं काम कलासी ॥ १ ॥ भरि भरि गोद अबीर उडावति निविड तिमिर मैं यौं राजति ठौर ठौर ससी प्रभा कलासी ॥ 'कल्यान' के प्रभु गिरिधरन रसीक वर तरु तमाल सँग लपटानि हैं कनक लतासी ॥२॥२॥ 卐 ॥ उमँगी ब्रिंदाबन देखों नवल-वधु आवै ॥ आज सखी ब्रजराज कौं बसंत लै बधावै ॥१॥ चारु चंदन चरचित अरचित तिलक दै सिर नावै ॥ देखति सुख लागति नीकों बृंद बृंद गावै ॥ २ ॥ कुंज भवन ठाढे हरि सुनि सुनि सचु पावै ॥ "छीत स्वामि" गिरिधरन श्रीविट्ठल ब्रजजन मन भावैं ॥ ३ ॥ ३ ॥ 卐 ॥ निरत ॥ ऋतु बसंत ब्रिंदाबन फूलै द्रुम भाँति भाँति, सोभा कछु कही न जात, बोलत पिक मोर कीर ॥ माधुरी

गुलाब कमल, बौलसरी कुंद अमल, राइबेलि सोंन जुही भँवर पुंज, करति गुंज, सघन कुंज, जमुना तीर ॥ १ ॥ खेलति गिरिधरनलाल, संग राधिका रसाल, छिरकति केसरि गुलाल, चोवा अगमद अबीर॥ 'कृष्ण दास' हित विलास, निरखति मन अति हुलास, बाजति थेई थेई मृदंग बाँसुरी उपंग चंग झांझ झालरी मंजीर ।२।२१।१५०।卐। ऋतु बसंत ब्रिंदाबन बिहरति ब्रजराज काज साजै द्रुम नव पल्लव प्रफुलित पोहोपन सुवास ॥ कलापी. कपोत, कीर, कोकिल, कमनीय कंठ कूजति स्रवनन सुनति होत है हो हिय हुलास ॥ १ ॥ तेसोंई त्रिबिधि पवन बहति तेसोंई सीतल सुगंध मंद रँग उपजति हे हो अति उलास ॥ प्रभु 'कल्यान' गिरिधर, उत जुवति जूथ मधि राधा, केसरि छिरकति अबीर गुलाल उडावति आवति है हो करैं

रंग रास ॥ २ ॥ ५ ॥卐॥ एतो ऊक ऊोरति सोंधे बोरति हे गोरी सुखकारी ॥ हा हा बिहारी बलाई लेंहु तुम खेलौ क्यौं न सम्हारी ॥१॥ केसरि कनक कमोरी भरि भरि लै लै देति पिय पर ढोरी ॥ सकल कोमल गात रसिक तुम देखौ जियन विचारी ॥२॥ सखी वृंद मनमोहन गहि घेरैं, भरि लीनैं अँक-वारी ॥ प्यारी बोहोत अरगजा भिजये 'रिपिकेस' बलिहारी ॥ ३ ॥ ६ ॥卐॥ कुच गडुवा जोवन मोर कंचुकि बसन ढाँपि राख्यौ है बसंत ॥ गुन मंदिर अरु रुप बगीचा ताम्रधि बेठी है मुख लसंत ॥१॥ कोटि काम लावन्य बिहारी जू जाहि देखें ते सब दुख नसंत ॥ ऐसे रसिक 'हरिदास के स्वामी' ताहि भरनि आई प्रभु हसंत ॥ २ ॥ ७ ॥卐॥ खेलैं खेलिरी कान्हर त्रियन फुलवारी मैं छिरकी छिरकि रंग भरति यों सुख करै ॥ अति उत्तम

चंदन बंदन लीनैं और अरगजा करी कैं एमें अनुराग छिरकि छिरकि तरुनी विहरैं ॥ १ ॥ एक कर पोहोप माल गरे मेलति दूजे मोर धगवति कोऊ धूप अधर लै सुवास करै ॥ हरिदास कैं स्वामी स्यामा कुंज बिहारी तीन लोक जाकैं बस सो राधा के मुख पै अबीर डरप कैं धरैं ॥ २ ॥ ॥ ८ ॥卐॥ नवल बसंत उनए मेघ मोरकि कुहकनी ॥ पिक बानी सरस बनी कुहु कुहुकु होकनी ॥ १ ॥ दंपति मधुपनकी पाँति अंकुर महूकनी ॥ 'कृष्ण दास' प्रभु गिरिधर मदन जिति कोकिला टहुकनी॥२॥९॥१५५॥卐॥बनि बनि खेलनि चली कमल कली विकास लस व्रजनारी ॥ अपने अपने ग्रेह तैं निकसी एक ठौर भई सकल फूलि मनौं बारी फूलवारी ॥ १ ॥ तरु तमाल लाल ढिग ठाढे राजत चहुं दिस तैं कनक बेलि गोपी भरति

भाजति मनौं पवन डुलाए आगै पाछैं होत जोबन वारि ॥ 'सूरदास' मदनमोहन अँग संग बसंत सोभित अनंग अदभुत वारि सँवारि ॥ २ ॥ ॥ १० ॥卐॥ ब्रिंदाबन विहरति ब्रज जुवती जुथ संग फागु ब्रजपति ब्रजराज कुँवर परम मुदित ऋतु बसंत ॥ चोवा मृगमद अबीर, छिरकति भरि कुसुम नीर, उडवति वंदन गुलाल निरखि निरखि मुख हसंत ॥ १ ॥ फूलै बन उपबन लखि वृक्ष बेलि पुहुप पुंज गावति पिक, मोर, कीर उपजति अति सुख लसंत ॥ करति केलि ऋतु विलास "छीत स्वामी" गिरिवरधारि श्रीविट्ठलेस पद प्रताप सुमरति दुख नसंत ॥ २ ॥ ११ ॥ 卐 ॥ हो हो बोलै हरि धुनि बन गाजी ॥ नूपुरु किंकिनी सुरसौं मिलवत सुनि सखी मधुर मुरली दुहुं दिस बाजी ॥ १ ॥ कुहुकुहु पिक बोलै मधुप

ही हिये कलोलैं बिबिधि भाँति मुकुलित द्रुम राजी ॥ उडति कपूर धूरि रही है गगन पूरि गोकुल सुंदरी सँग रास केलि साजी ॥ २ ॥ गिरिधरि पिय प्रमुदित क्रीडा बस मरकत मनि पीक लीक राजी ॥ 'कृष्ण दास' प्रभु प्रान प्यारी कैं बिनोद हित मदन दूत केलिकैं जीति रति बाजी ॥ ३ ॥ १२ ॥ 卐 ॥ ताल सुरफाग ॥ प्यारे कान्हर हो जो तुम आंखिन भरो जू ॥ ऐसे बदि खेलौ खेलि अब कैं बसंत मोसौं सोंह जू करौ जू ॥१॥ हौं कहि लैत बात भूलि जिन जाओ औरकैं खिलायबैकौं हरि जिन हरो जू ॥ 'कल्यान कै प्रभु' गिरिधर निधरक काहू धाय जिन धरो जू ॥ २ ॥ १ ॥ 卐 ॥ ताल आडचोताल ॥ देखौं नवल बनें नवरंग ॥ नवल गिरिधरलाल सुंदर नवल भांमिनि सँग ॥ १ ॥ नवल बसंत नवल ब्रिंदाबन

नवल है प्रथम प्रसँग ॥ नवल विटप तमाल कैं बीच नवल सुरत तरँग ॥२॥ नवल केसु फूलै प्रफुलित नवल स्यामा अंग ॥ नवल ताल पखावज बाँसुरी नवल बाजति चँग ॥ ३ ॥ नवल मुक्ताहार उर पै निरखि लजति अनंग ॥ 'सूर' नवल गुपाल हि निरखति भई मनसा पंग ॥४॥१॥卐॥

। ताल चौताल या ध्रुपद । ऋतु बसंत कुसुमित नव बकुल मालती ॥ कुरव मलिका जुथ गुंजति बहु अलि पांति ॥ १ ॥ कुजत कलकल हँस केकि मिथुन कीरा ॥ बहत मलय पवन विमल सुरभि जमुना तीरा ॥ २ ॥ गावति कल गीत जुवती बोलति हो हो होरी ॥ केसरि मृगमद कपूर छिरकति नवगोरी ॥ ३ ॥ मनि नूपुर कर किंकिनि कंकन धुनि सोहै ॥ 'हरिजीवन' प्रभु गिरिवरधर त्रिभुवन मन मोहै ॥ ४ ॥ १ ॥卐॥ क्रिडति ब्रिंदावन चंद

व्रज जुवतिन संगे ॥ भाव पूरि भरित नैंन मुचित भुव भंगे ॥ १ ॥ इक रुप सुधा सिंधु नेन खची पीवे ॥ इक अंग रस भरि भुजा लाई रही ग्रीवे ॥ २ ॥ इक लेति तँबोल अधर छुवावैं ॥ इक अँक भरति इक आप अँक आवैं ॥ ३ ॥ इक बेन सुर समान उघटि तान गावै ॥ इक कुचन मँडलमें चरन कमल जावैं ॥ ४ ॥ चुंबति इक वदनकमल चिबुक गहे बाला ॥ इक उरज कुँम-कुमतैं चरचत बन माला ॥ ५ ॥ इक नीवी मोचन भए सचिकित भए नैंना ॥ इक नैंन देति पैलैं इक कहति बेना ॥ ६ ॥ इक चलित पवन ललित अँचरन सह्मारै इक ॥ सिथल बसन केस लाज तजि निहारै ॥ ७ ॥ स्याम द्रुम रसाल बाला कोकिल श्रम कुंजे ॥ 'रसिक' मनोरथ राधे राधे सम पूजे ॥ ८ ॥ २ ॥ 卐 ॥ राधे जू आज बन्यो

है बसंत मनौ मदन बसंत विहरत, नागरी नव कंत ॥ १ ॥ मिलत सनमुख पाटलीपट, मत्त मान जुही ॥ बेली प्रथम समागम कारन, मेदनी कच गुही ॥ २ ॥ केतुकी कुच कलस कंचन, गरै कंचुकि कसी ॥ मालती मद बिसद लोचन निरखि मृदु मुख हँसी ॥ ३ ॥ बिरह व्याकुल कमलनी कुल, भई वदन बिकास ॥ पवन परिमल सहचरी पिक गान हृदय बिलास ॥ ४ ॥ उत सखी चंपक चतुर कदम नुतन माल ॥ मधुप मनि माला मनोहर 'सुर' श्री गुपाल ॥ ५ ॥ ३ ॥ ॥ तिताल ॥ मधु ऋतु त्रिंदाबन माधवी फूली ॥ बिटप पाँति सुहाई सोभा बरनी न जाई गंध लुब्ध अलि मंडली भूली ॥ १ ॥ कोकिल कपोत कीर मधुप बिहँग बीर गावति बसंत राग अनुकुली ॥ नाचति केकी सुठान छटी जत लेति मान सुभग बंदि निस सारस मूली ॥ २ ॥

तरनि तनया तट निकट बंसीवट जोरी एकमी नहीं कहूं समतूली ॥ मलय पवन मेव नाम लीन कुंज देव सुरत सँगम सुख हिंडोरे झूली ॥३॥ मृगमद अबीर गुलाल कुँमकुमा चंदन वनी कपुर धूली ॥ बाजति ताल मृदंग आवज बेन उपंग बोलति हो हो होरी लाज कंचुकी खूली ॥ ४ ॥ खेलति राधिका नाथ अनंत जुवतीन साथ विविध भूपन बऊ रँग दुकूली ॥ 'कृष्ण दास' प्रभु हरि गोवरधनधरलाल निरखि मन उडपति गति भई लूली ॥ ५ ॥ १ ॥ 卐 ॥ मोह्यौ मन आजु सखी मोहन बल वीर ॥ मधुर-मुरली सुर गावति सकल जमुना तीर ॥ १ ॥ कनक कपिस अति सोभित कटि तट वर चीर ॥ मानिकि हूति ओढनी साँवल सरीर ॥२॥ सखि सिखंड सिर सिंधु मुदित भेप अभीर ॥ मुकलित नव ब्रिंदावन कूजति

पिक कीर ॥३॥ "कृष्ण दास" प्रभु कै हित त्रिगुन वहै समीर ॥ गिरिवरधर जुवतीन सँग बिहरति रति रनधीर ॥४॥२॥१६५॥卐॥ताल धमार॥ श्रीत्रिंदाबन खेलति गुपाल बनि बनि आई व्रज की बाल ॥१॥ नवल सुंदरि नव तमाल ॥ फूलै नवल कमल मधि नव रसाल ॥२॥ अपने कर सुंदर रचित माल ॥ अवलंबित नागर नंदलाल ॥३॥ नव गोप वधू राजति हैं सँग ॥ गज मोतिन सुंदर लसति मंग ॥४॥ नव केसरि मेद अरगजा घोरि ॥ छिरकति नागरि कौं नव किसोर ॥५॥ तहँ गोपी ग्वाल सुंदर सुदेस ॥ राजति माला विविधि केस ॥६॥ नंदनंदन कौ भुव विलास ॥ मदा रहौ मन 'सूरदास' ॥७॥१॥卐॥ अदभुत सोभा त्रिंदावनकी देखो नंद कुमार ॥ कंत वसंत आवत जानि बन वेलीन कीये हैं सिंगार ॥१॥

पल्लव बरन बरन तन पहरै बरन बरन फल फूल॥ ऐतो अधिक सुहाए लागति मन अभरन समतूल ॥ २॥ बालक बिहँग अनंग रँग भरि बाजति मनौं बधाई ॥ मंगल गीत गाइवेको जानो कोकिल बधु बुलाई ॥ ३ ॥ बहति मलय मरुत परिचारक सबकै मन संतोषे ॥ द्विज भोजन सौं होति अलीनकै मधु मकरँद परोसे ॥ ४॥ सुनि सखी बचन 'गदाधर' प्रभुकै चलौ पीतमपै जइए ॥ नव निकुंज महल मंडप मैं हिलिमिलि पंचम गैंए ॥५॥२॥卐॥ आजु सांवरो घोप गलिनमैं खेलति मोहन होरी ॥ संग सखी लीए राधिका बनी है अनुपम जोरी ॥ १॥ बाजति ताल मृदंग छंदसौं बीच मुरलीकी थोरी॥ अरस परस छिरकति छिरकावति मोहन राधा गोरी ॥ २॥ अबीर गुलाल उडति बूका रँग जोरी भरै

भरि कोरी ॥ केसरि रँग सौं भरि पिचकारी मारति हैं मुख मोरी ॥ ३ ॥ छल बल सौं करि आंखि अंजावति लोक लाज सब तोरी ॥ लूटति सुखकी सीवां सब मिल 'परमानँद' कहति निहोरी ॥ ४ ॥ ३ ॥ 卐 ॥ आयौ आयौरी यह ऋतु बसंत ॥ मधुकरन मधु बन वसंत ॥ दे दे तारी तिय-मन हँसत ॥ मलय मृगज केसरि घसंत ॥ १ ॥ खेल मच्यो व्रजपुरकैं मांझ ॥ कोउ गिनति न भोर मध्यान्ह साँझ ॥ बाजे मुरज ढफ बीन झांझ ॥ उडति गुलाल अबीर तांझ ॥ २ ॥ गिरिधर पिय जलजंत्र हाथ ॥ वल्लव वल्लवी भोर साथ ॥ गावति गुन मधु माधो गाथ ॥ निरखि मुरझि परयौ रतिकौं नाथ ॥ ३ ॥ नित उठि द्योस बिनोद बात ॥ पसु पंछी फूलै न मात ॥ प्रतिबिंबति रवि ससि पात पात 'विष्णुदास' चरन बलि जात जात ॥४॥४॥ 卐

कुसुमित कुंज बिपिन ब्रिंदाबन चल्लीए नंदके लाला ॥ पाडर जाई जुही केतुकी चंपक बकुल गुलाला ॥ १ ॥ अँब दाख दाडिम नारँग फल जांबू परम रसाला ॥ अरु बहुत फूल द्रुम दिग्वियतु कहति मुदित ब्रजबाला ॥ २ ॥ कोकिल कीर चकोर मोर खग जमुनातट निकट मराला ॥ तिगुन समीर वहति अलि गुंजति नीकी ठौर गुपाला ॥ ३ ॥ सुनि मृदु बचन चले गिरिवरधर कटि तटि किंकिनि जाला ॥ नाना केलि करति सखीयन सँग चंचल नैन बिसाला ॥ ४ ॥ तहँ बीनत कुसम राधिका भामिनी ग्रथित मनोहर माला ॥ 'कृष्ण दास' प्रभुके उर मेलति भेटति स्याम तमाला ॥५॥५॥१७०॥卐॥ खेलति गिरिधर रगमगे रंग ॥ गोप सखा बनि बनि आए हैं हरि हलधर के सँग ॥ १ ॥ बाजति ताल मृदंग झांज ढफ मुरली

मुरज उपंग ॥ अपनी अपनी फेंटन भरि भरि लिए गुलाल सुरँग ॥ २ ॥ पिचकाई नीकै करि छिरकति गावति तान तरँग ॥ उत आई व्रज वनिता बनि बनि मुक्ता फल भरि मँग ॥ ३ ॥ अचरा उरसि फेंट कँचुकी कसि राजति उरज उतंग ॥ चोवा चंदन वंदन लै मिलि भरति भामते अंग ॥ ४ ॥ किसोर किसोरी दुहूं मिलि विहरति इत रति उतही अनँग ॥ 'परमानंद' दौऊ मिलि विलसति केलि कलाजू निसँग ॥ ५ ॥ ६ ॥ 卐 ॥ खेलति गुपाल सखीन सँग ॥ नवनव अँबर रँग रँग ॥ ध्रु० ॥ मुरली वेन ढफ नए चँग ॥ मधि नई कुहूक बाजे उपंग ॥ सुर समूह नई नई तरँग ॥ जहँ नई नई गति उपजति मृदंग ॥ १ ॥ मृगमद लपटे चंदन सुगंध ॥ केसरि कुँमकुम मलय मकरँद ॥ हुलसि जुवति वर वृंद वृंद ॥ लीनै

लपेटि आनंद कंद ॥ २ ॥ उडी परसपर अरुन रूँदि ॥ दुरत भरति मुख नैंन मूंदि ॥ घूंघटमें मुख लसति मंद ॥ मनौं अरुन जलधिमें दुरे चँद ॥ ३ ॥ सखी इक तब कियो बंद ॥ चतुर बोलि सिखयो सुछंद ॥ पिय नाम टेरि कहयो नँद नँद ॥ रहो रहो भरो जू नागर नँद ॥ ४ ॥ हाथ झारि हरि कौं दिखाइ ॥ चोलीमैं सोंधो दुराइ ॥ तियन अँक हँसिकैं बताइ ॥ गहे तब हि सब परी हैं धाइ ॥ ५ ॥ कोउ निरखति लोचन अघाइ ॥ कोउ आन दृग आँजति सिराइ ॥ कोउ मुख पकरि रोरी फिराइ ॥ कोउ कहति भले हो स्यामराइ ॥ ६ ॥ विवस प्रेमवस स्यामलाल ॥ मन भायो सब करति बाल ॥ भरति अँक भरि भरि गुपाल ॥ 'सूरदास' तहँ कामपाल ॥ ७ ॥ ७ ॥ ॥ खेलति पिय प्यारी सौंधें भरि भरि लीऐ कनक

पिचकारी ॥ छल करि छिरकति भरति परसपर देति दिवावति गारी ॥ १ ॥ छीनि लई मुरली प्रीतमकी रंग बढावति भारी ॥ चोवा चंदन बुका वंदन कुँवरि कुँवर पै डारी ॥ २ ॥ केसरि आदि जवादि कुँमकुमा भींजि रही रँग सारी ॥ देति नही डहकावति सुंदरि हँसति करति किलकारी ॥ ३ ॥ फगुवा देहुं लेहु पिय मुरली कैं कहो कुँवर हाहारी ॥ बरनौ कहा कहति नहि आवै बढयौ सुख सिंधु अपारी ॥ ४ ॥ इत मोहन हलधर दौऊ भैया उत ललिता राधा री ॥ हित 'हरि बंस' लेहु किन मुरली तुम जीते हम हारी ॥ ५ ॥ ८ ॥ 卐 ॥ खेलति फागु नंदके नंदन सखा सँग सब लीनै ॥ अबीर गुलाल अरगजा चौवा केसरि कैं रँग भीनै ॥ १ ॥ उत आई वृषभान नँदनी सखी

सँग सब लाई ॥ मनौं सुक्ल कृष्ण पक्ष एक व्है प्रगट ही देति दिखाई ॥ २ ॥ हाटक रत्न जटित पिचकाई लै धाऐ सब ग्वाल ॥ छिरकति जाए जुबति वृंदन पै तकि तकि नैंन बिसाल ॥ ३ ॥ ठाडी सकल नबल ब्रज सुंदरि करति कुलाहल सौर ॥ मनौं सुभट मदन कैं रनमैं रहे अपने जौर ॥४॥ चंपक बकुल केतकी जाती कुंद मल्लिका फूली ॥ गुनुनु करति द्विरेफ मंडली सबहिन के अनुकूली ॥ ५ ॥ बीन रबाब बाँसुरी आवज झांझ ताल मुख चंग ॥ भेरी पटह अघोटी महुवरि बाजति सरस मृदंग ॥ ६ ॥ खेल परसपर बढ्यौ अति भारी हरखे सुर नर देव ॥ अदभुत ऋतु अदभुत यह सोभा कोउ न जानै भेव ॥ ७ ॥ कोक कला अभिज्ञ कौस्तुभधरि निरखि लजति सत-

मार ॥ ‘ गोकुल चंद ’ सुखद रस जीवन गोपीन के उरहार ॥ ८ ॥ ९ ॥ 卐 ॥ खेलति बन सरस बसंत लाल ॥ कोकिल कल कूजति अति रसाल ॥ जमुना तट फूलै नव तमाल ॥ केतकी कुंद नुतन प्रवाल ॥ १ ॥ तहँ बाजति बीन मृदंग ताल ॥ बिच बीच मुरली अति रसाल ॥ नव सत सजि आई व्रजकी बाल ॥ साजै भूषन बसन तिलक भाल ॥२॥ चोवा चंदन अरु गुलाल ॥ छिरकति प्यारी तकि तकि गुपाल ॥ आलिंगन चुंबन देति गाल ॥ पहरावति उर फूलनकी माल ॥ ३ ॥ यह विधि क्रीडति व्रज नृप कुमार ॥ सुमन वृष्टि करि सुर अपार ॥ श्रीगिरिवरधारि मन हरत मार ॥ “कुंभन दास” बलि बलि विहार ॥ ४ ॥ १० ॥ १७५ ॥ 卐 ॥ खेलति बसंत श्रीनंदलाल ॥ भरै रँग सब ग्वाल

बाल ॥ ध्रु० ॥ जूथ जूथ सब नवल बाल ॥ सजि समाज उडति गुलाल ॥ गावति पंचम सरस राग ॥ रुप सील भरी सब सुहाग ॥१॥ नव केसरि भाजन भराइ ॥ चंदन सौं म्रगमद मिलाइ ॥ बहु गुलाल छिरकैं फुलेल ॥ कुंवर कुंवरि रँग बढी केलि ॥ २ ॥ लाल हि लालना भरैं धाइ ॥ मुख रोरी मांडैं बनाइ ॥ भलें जू कहै तारी बजाइ ॥ भले तियन बस परै हो आइ ॥ ३ ॥ अंग अंग रँग सब सुहाइ ॥ पिय लोचन निरखैं अघाई ॥ विलसति सुख वडभाग वाम ॥ सुखी भए तहँ 'सूर' स्याम ॥ ४ ॥ ११ ॥ 卐 ॥ खेलति बसंत श्रीव्रिंदावन में मोहन कैं सँग प्यारी ॥ गौर स्याम सोभा सुख सागर प्रीति बढी अति भारी ॥ १ ॥ चोवा चंदन बूका वंदन अबीर गुलाल उडावति न्यारी ॥ कंचन

कलस लियैं जुवती, कर मारति भरि पिच-
कारी ॥ २ ॥ ताल मृदंग झांझ ढफ बाजति
बीना धुनि रस सारी ॥ खेलति फागु भाग भरि
गोपी रसिकराइ गिरिधारी ॥ ३ ॥ स्यांम सुभग
तन नील सरोवर कमल फूली सब व्रजकी नारी॥
'कृष्ण दास' प्रभु या छबि उपर त्रिभुवन कौं सुख
वलिहारी॥ ४ ॥ १२ ॥卐॥ खेलति बसंत गोकुल
कैं नायक जुवतीजन कैं मंडल बीच ॥ सुरँग
गुलाल उडाइ अरगजा कुँमकुमकी जहँ कीच॥१॥
हाथन लिऐ कनक पिचकाई छिरकति आपुस
मांझ॥ तेसोई सुरँग रँग केसरि कौं मनौं फूली सांझ
॥ २ ॥ श्रीमंडल आवज ढफ बीना झांझ
झालरी ताल ॥ पटह मृदंग अधोटी महुवरी
बाजति बेनु रसाल ॥ ३ ॥ रविकल कुल कोकिल
अति कूजति चहुं और द्रुम फूलै ॥ तेसोई

सुभग तीर कालिंदी देखति सुर नर भूलै ॥ ४ ॥ यह विधि सब मिलि होरी खेलै मन में अति आनँद ॥ गोबरधनधर रुप उपर जन वलि वलि 'गोकुल चँद' ॥५॥१३॥卐॥ निरत ॥ खेलति बसंत राधा प्यारी ॥ नाँचति गावति वेन वजावति अंस भुजा धरें कुँज विहारी ॥ १ ॥ साखि जवादि कुँमकुमा केसरि छिरकति मोहन झूमक सारी ॥ उडति अबीर पराग गुलाल ही गगनन दिस, दीन भयौ अधिकारी ॥ २ ॥ मधूर कोकिल कूंजित गुंजित मनौं देति परस्पर गारी ॥ नख सिख अंग बनी सब गोपी गावति, देखति चढीं अटारी ॥ ३ ॥ ताल रबाब झांझ ढफ बाजति मुदित सबे ब्रिंदावन नारी ॥ यह सुख देखति नैंन सिरानैं व्यास ही रोम रोम सुखकारी ॥ ४ ॥ १४ ॥卐॥ खेलि खेलि हो लडैंती श्रीराधे

तोही कौं फव्यौ हैं बसंत ॥ सुनि भामिनि दामिनि सी हो तुम पायौ स्याम घन कँत ॥१॥ जमुना कै तट श्री ब्रिंदाबन परम अनुपम ठाऊँ ॥ कुंजन कुंजन केलि करौ मिलि सुबस बसौं बलि जाऊं ॥२॥ मदन गुपाललाल रसिया कौं रस तेंई लै जान्यौं ॥ अपनौ मन अरु वा मोहन कौ एक-मेक करि सान्यौं ॥३॥ उडति गुलाल धूंधरि मधि राजति राधा अंग लपटानी ॥ कहि 'भग-वान' हित रामराइ प्रभु यह छबि हिये समानी ॥४॥ १५ ॥ १८० ॥ 卐 ॥ खेलति वसंत गिरि-धरनलाल ॥ मनमोहन दृग बिसाल ॥ध्रु०॥ सँग सोहति सुंदर अनंग ग्वाल ॥ भीने रँग केसरि करति ख्याल ॥ उडति अबीर पचरँग गुलाल ॥ बाजति मृदंग ढफ झांझ ताल ॥१॥ आईं बनि बनि मिलि ब्रजकी बाम ॥ श्रीराधा ललितादिक

सु नाम ॥ गावति पंचम बंधी प्रेम दाम ॥ सोभा पावत भयौ नंद धाम ॥ २ ॥ रँग भरति भरावति करति रँग ॥ रँग भरे बसन राजति सु अंग ॥ लुब्धे सुगंध भऐ मत्त भृंग ॥ म्रदु बोलति डोलति संग ॥ ३ ॥ भरि लियौ अबीर मुठी सु हेत ॥ दौऊ तज्यौ चाहति पुनि राखि लेति ॥ दृग मूंदन चमकनि व्है सुचेत ॥ बाढति छबि सौं गुनी सुख निकेत ॥४॥ लै बरन बरन रँग अमोल ॥ छिरकति हितु व पिय हित कलोल ॥ फबि रही बृंद सोहति दुकूल ॥ मनौं फूलि रहे बहु बरन फूल ॥ ५ ॥ भरे नवल वाम गिरिधर हि धाइ ॥ रहे बिबिधि भेद रँग अंग छाइ ॥ जहँ निरखति सोभा कही न आइ ॥ तहँ स्याम रँग जान्यौं न जाइ ॥ ६ ॥ भई मोहित सुर वनिता विमान ॥ मोहे गंधर्व सुनि मधुर गान ॥ रँग भरौ पिय अति सु जान ॥ यह राखि

हिये 'कृष्ण दास' ध्यान ॥ ७ ॥ १६ ॥ 卐 ॥
खेलैं फागु जमुना तट नंदकुमार ॥ द्रुम मोरे
बिपिन अठार भार ॥ ध्रु० ॥ हलधरि गिरिधरि
ग्वाल सँग ॥ मिलि भरति परसपर करति रँग ॥
बाजै मृदंग उपंग चँग ॥ राजै सुंदर बिचित्र
अँग ॥ १ ॥ ताल मुरज उपंग ढोल ॥ बहु वंदन
उडति गुलाल रौल ॥ बास लुब्ध आऐ मधुप
टौल ॥ तेऊ अरुन भए अलि वर निचौल ॥ २ ॥
बहुरि मधुप गऐ अपने ठाँइ ॥ भरि तान पर
भमरी नहिं पत्याइ ॥ तुम राते भए पति कौन
भाय ॥ कोऊ कपट रुप मति वेठौ आय ॥ ३ ॥
खटपद कहै तुम भूली बाल ॥ जहँ धरा गिरि
अंबर भयौ गुलाल ॥ तहँ ऋतु बसंत बिहरति
गुपाल ॥ 'जाडा कृष्ण' कौ प्रभु मोहनलाल
॥४॥१७॥卐॥ बिरी ॥ गुरुजनमैं ठाडे दौऊ पीतम

सेनन खेलति होरी ॥ नैनन वेनन कहयो जू परम-
पर परम रसिकनी जोरी ॥ १ ॥ पिचकाई दृग
छुटति कटाच्छन ढोरैं अरुन रँग रोरी ॥ छिरकति
रस सौं छेल छबीलो कुंवरि छबीली गोरी ॥ २ ॥
लसति दसन तँबोल रस भीनै हँसि निरखति पिय
ओरी ॥ मनौ सुरंग गुलाल उडावति सुंदर नवल
किसोरी ॥ ३ ॥ छुटी अलक वदन छवि लागति
बरनि सकै कवि कोरी ॥ मनौं कनक कुपी चोवा
की, कुंवरि सीस पै ढोरी ॥ ४ ॥ कठिन उरोज
गाढी जू कँचुकी अरु अँचल ओट अगोरी ॥ सँकेत
कुँजन जानि रसिक पिय नैन निमेप न मोरी
॥ ५ ॥ ललितादिक सखी पिय प्यारी अरु गिरि-
धारीकी चोरी ॥ 'गोकुल विहारी' कौ मुख निरखति
प्रेम समुद्र झकोरी ॥६॥१८॥卐॥ चलि देखनि
जैए नंदलाल ॥ ध्रु० ॥ बनि ठनि आई सब

ब्रजकी बाल ॥ आज ऋतु बसंत गावहु रसाल ॥ १ ॥ चली राधे कुँवरि सहचरिन संग ॥ लीऐ ढफ आवज किन्नरी मृदंग ॥ बिच महुवरि मधुर बाजै उपंग ॥ लै मिली स्यामा जू कौं राग रँग ॥ २ ॥ रँग रँगी भूमि भवन पच रँग अबीर ॥ आऐ करति कुलाहल जमुना तीर ॥ ठाडै मधू-सूदन रसन गोपी नीर ॥ नव केसरि कैं रँग रँगे है चीर ॥ ३ ॥ जिह कुंज मधुप गुनी बास ॥ बोलै अंब डार कोकिल प्रकास ॥ जहँ स्याम सुंदर करैं बिलास ॥ श्रीजगन्नाथ भजि 'माधौ दास' ॥ ४ ॥ १९ ॥ 卐 ॥ चली है भरन गिरिधरन-लाल कौं बनि बनि अनगन गोपी ॥ उवटी हैं उवटन नवल चपल तन मनौं दामिनी ओपी ॥ १ ॥ पहरै बसन बिबिधि रँग भूषन करन कनक पिचकाई ॥ चंचल चपल बडेरी अखियाँ मनौं

अरग लगाई ॥ २ ॥ छिरकति चली गली गोकु-
लकी कही न परत छबि भारी ॥ उडि उडि केसरि
बूका बंदन अटि गऐ अटा अटारी ॥ ३ ॥ सखन
सहित सजि साँवरे सुंदर सुनति हि मनमुख
आए ॥ मनौं अंबुज बनबास बिबस व्हैं अलि
लंपट उठि धाए ॥४॥ हरि कर पिचकाई निरखि
तिय कैं नैंना छबिसौं हि ठहिराई ॥ खँजनसें मनौं
उडि नव चले हैं ढरकि मीन हैं जाई ॥५॥ पहिलैं
कान्ह कुँवर पिचकाई भरि भरि तियनकौं मेली ॥
मनौं सोम सुधा कर सींचति नवल प्रेम की बेली
॥ ६ ॥ पिय कैं अँग तियन कै लोचन लपटैं छबिकी
ओभा ॥ मनौं हरि कमलन कर पूजै बनी हैं
अनूपम सोभा ॥ ७ ॥ दुरि मुरि भरन बचावनि
छबि सौं आवनि उलटनि सोहै ॥ घुमरयौ अबीर
गुलाल गगन मैं जो देखै सौ मोहै ॥ ८ ॥ बिच

बिच छुटति कटाच्छ कुटिल सर उचटि हूल कौं लागी ॥ मुरछि परयों लखि मैन महा भट रति भूज भरि लै भागी ॥ ९ ॥ कहँलौं कहौं कहति नहिं आवै छबि बाढी तिहिं काला ॥ 'नंददास' कैं प्रभु चिर जीओ ब्रज बाला नंद के लाला ॥ १० ॥ २० ॥ १८५ ॥ 卐 ॥ जुवतिन सँग खेलति फागु हरि ॥ बालक बृंद करति कुलाहल सुनति न कान परी ॥ १ ॥ बाजति ताल मृदंग बाँसुरी किन्नर सुर कोमल री ॥ तिनहूं मिलै रसिक नंद-नंदन मुरली अधर धरी ॥ २ ॥ कुँमकुम वारि अरगजा विविधि सुगंध मिलाई करी ॥ पिचका-ईन परसपर छिरकति अति आमोद भरी ॥ ३ ॥ टूटत हार चीर फाटति गिरि जहँ तहँ धरन धरी ॥ काहू नहिं संभार क्रीडा रस सब तन सुधि बिसरी ॥ ४ ॥ अति आनंद मगन नहि जानति बीतति

जाम घरी॥ 'कुंभन दास' प्रभु गोवरधनधरि सग्व-सव दै निवरी ॥५॥२१॥卐॥ मान॥ तेरी नवल तरु-नता नव बसंत॥ नव नव बिलास उपजति अनँत ॥ध्रु०॥नव अरुन अधर पल्लव रसाल॥ फूलै विमल कमल लोचन बिसाल॥ चलि भृकुटी भृंग भृंग-नकी पांति॥ मृदु हँसन लसन कुसमनकी भांति ॥ १ ॥ भई प्रगट अलप रोमावलि मोर॥ स्वास सौरभ मलय पवन झकोर॥ चल फल उरोज सुंदर सुठान॥ बोलै मधुर मधुर कोकिला गान ॥ २ ॥ देखति मोहै व्रजकुंवर राइ॥ बाढ्यौ मन-मथ मन चोगुनो चाइ॥ तोहि मिलि बिलस्यौं चाहत हैं स्याम॥ जाहि देखति लज्जित कोटि काम॥ ३॥ तब चली चरन मंथर बिहार॥ बाजै रुनुनु झुनुनु नूपुर झंकार॥ सुनि पुलकित गोकुलपति कुमार॥ मिलि भयौ 'गदा धर' सुख

अपार ॥ ४ ॥ २२ ॥ 卐 ॥ देखति बन ब्रजनाथ आज अति उपजत है अनुराग ॥ मानों मदन बसंत मिलि दौऊ खेलत डोलत फाग ॥१॥ द्रुम गन मध्य पलास मंजुरी उठत अगिन की नाईं॥ अपने अपने मेलि मनौं हरि होरी हरखि लगांई ॥ २॥ केकी कीर कपोत औरु खग करति कुलाहल भारी ॥ जन जन खेलति ग्वाल परसपर देति दिवावति गारी ॥ ३ ॥ झिल्ली झांझ निर्झर निसान ढफ भेरि भँमर गुंजार ॥ मानौं मदन मंडली रचि पुर बीथिनि बिपुन बिहार ॥ ४ ॥ नव दल सुवन अनेक बरन बर बिटपन भेख धरें ॥ जनु राजति ऋतुराज सभामैं हसि बहु रंगनि भरें ॥५॥ कुंज कुंज कोकिल कल कूजत बानिक बिमल बढी ॥ जनु कुल वधू निलज्ज भई हैं गावत अटन चढी ॥ ६ ॥ कुसुमित लता जहाँ

देखति अलि तहीं तहीं चलि जात ॥ मनौं बिटप सबन अवलोकति परसत गनिका गात ॥७॥ लींने पुहुप पराग पवन खग फिरति चहूं दिस धाए ॥ तिहीं ओरि संजोगिनि बिरहीनि छांडति भरि करि मन भाऐ॥८॥ औरु कहाँलौं कहौं कृपानिधि ब्रिंदा बिपिन समाज ॥ 'सूर दास' प्रभु सब सुख क्रीडति कृष्ण तुह्मारे राज ॥९॥२३॥卐॥ देखि सखी अति आजु बन्यौं ब्रिंदावन बिपुन समाज ॥ आनंदित ब्रजलोक भोग सुख सदा स्यामके राज ॥ १ ॥ राधारवन बसंत मचायौ पंचम धुनि सुनि कान ॥ धरनि गिरति सुर किन्नर कन्या बिथकित गगन बिमान ॥ २ ॥ कलकल कोकिल कूजत उपर गुंजति मधुकर पुंज ॥ बाजति महुवरि बेनु झांझ ढफ ताल पखावज रुंज ॥ ३ ॥ केसरि भरि भरि ले पिचकाई छिर-

कति स्यामैं धाई॥ डारति कुंवरि बूका चौआ लैं रहसि कँठ लपटाइ ॥४॥ मुकुलित बिबिधि विटप कुल बरखति पावन पवन पराग ॥ तन मन धन नौछावरि कीनो निरखि 'व्यास' बड भाग ॥५॥२४॥卐॥ देखौ प्यारी कुंज बिहारी मूरति मंत बसंत॥ मोरी तरुन तरुनता तनमैं मनसिज रस बरपंत॥१॥ चलि चितयन कुंतल अलि माला मुरली कोकिला नाद ॥ देखति गोपीजन बनराई मदन मुदित उनमाद ॥ २ ॥ अरुन अधर नव पल्लव सोभा विहसनि कुसुम विकास॥ फूलै विमल कमलसे लोचन सूचित मन हुलास ॥३॥ सहज सुवास स्वास मलयानिल लागति परम सुहाए॥ श्रीराधा माधवि 'गदाधर' परसत सब सुख पाए ॥ ४ ॥ २५ ॥ १९० ॥ 卐 ॥ देखो ब्रिंदाबन श्री कमल नैंन॥ आयौ आयौ है मदन गुन गुदर दैंन

॥ ध्रु० ॥ द्रुम नव दल सुवन अनेक रँग ॥ प्रति ललित लता संकुलित सँग ॥ कर धरे धनुष कटि कसि निषँग ॥ मनौं बने सुभट सजि कवच अँग ॥ १ ॥ कोकिल कुंजर हय हंस मोर ॥ रथ सैल सिला पदचर चकोर ॥ वर ध्वज पताक तरु तारकेरि ॥ निर्झर निसान वाजै वाजैं भँमर भेरि ॥ २ ॥ जँह नेम सुमति अति मलय वात ॥ मनौं तेज वसन वाने उडात ॥ रुचि राजति विपिन विलोल पाति ॥ धपि धाय धरति छवि सुरंग गात ॥ ३ ॥ "सूरदास" इम वदत वाल ॥ आयौ काम कृपन सिव क्रोध काल ॥ फिरि चितयो चपल लोचन विसाल ॥ अब अपनौं करि थापिए गुपाल ॥४॥२६॥卐॥निरत देखौ व्रिंदावनकौ जस वितान॥ छायौ सब पर वरनत पुरान ॥ ध्रु० ॥ जाकौं वरनि वेद रहे मौन धारि ॥ करैं ध्यान मान अभिमान

टारि ॥ ताकौ गहति सकल मिलि व्रजकी नारि ॥ मुख मांडि देति होरी की गारि ॥ १ ॥ जाकौं रिझवति हे सब नाचि गाइ ॥ करै बेद युक्ति नाना उपाइ ॥ ताके आँजति लोचन दृगन माइ ॥ छाँडे नचाय हाहा खवाइ ॥ २ ॥ जाके भजति नाम तजि काम केत ॥ भवसागर कौं बर जानि सेत ॥ दुख नास करति सुख कौं निकेत ॥ ताकौं हँसि हँसि ग्वालिन गुलचा देति ॥ ३ ॥ जाकै बस करैं सुनि सब प्रमान ॥ डरैं लोकपाल सब देति मान ॥ सो तो राधा बस करे मुरली गान ॥ 'सूर दास' प्रभु कँत कान्ह ॥ ४ ॥ २७ ॥ 卐 ॥ फागु सँग बडभागि ग्वालनि हरि सँग खेलति होरी ॥ कुँमकुम केसरि अगर अरगजा माट भरैं रँग गेरी ॥ १ ॥ आगे कृष्ण पाछैं व्हैं भाँमनि कर पिचकाई लीनै ॥ त्रिंदाबनमैं मोहन पकरें मन

भायौ सौं कीनैं ॥ २ ॥ अरस परसपर सब मिल खेलति स्याम अकेलैं आए ॥ अंक भर आलिंगन चुंबन नाना भांति बनाऐ ॥ ३ ॥ पकरि ग्वाल परसपर दुहूं दिसि सूर सुता तट भेटे ॥ अबीर गुलाल अरगजा लेके स्यामा स्याम लपेटे ॥ ४ ॥ जाने को अंग लगे मोहन भेद न पावै कोहे ॥ जुगल जोरि खेलौं गोकुल में नित व्रिंदावन मोहे ॥ ५ ॥ २८ ॥ 卐 ॥ फूल्यौं बन ऋतु राज आजु चलि देखिए ब्रजराज ॥ ध्रु० ॥ निरखति सोभा कही न आवै मनौं उनयौ अनुराग॥ उत राधिका सखी सब सँग लै खेलनि निकसी फाग ॥ १ ॥ बहु सुगंध बहु अबीर कुँमकुमा लिए है सखन समाज ॥ झांझ मृदंग झालरि ढफ बीना किन्नरि महुवरि साज ॥ २ ॥ जुरे टोल जहँ दोऊ जायकैं भयौ परम हुलास ॥ खेलति प्यारी परम रस उप-

जति बहु विधि करति बिलास ॥३॥ सिव विरंचि नारद सब गावैं लीला अमृत सार ॥ श्रीविट्ठलनाथ प्रताप सिंधु कौ किन हू न पायौ पार ॥४॥२९॥卐॥

बनसपति फूली बसंत मास ॥ रसिक जनन मन भयौ हुलास ॥ध्रु०॥ श्रीगोकुल फूल्यौ अति रसाल॥ बाजे चँग मृदंग ताल ॥ सोहै सुंदर तिलक बनायौ भाल ॥ गोपी छिरकति केसरि भरि गुलाल ॥ १ ॥ ब्रज जन फूलै अंग अंग ॥ फागु खेलति हलधर कृष्ण सँग ॥ फूलै गोपी ग्वाल मिल जुवति जुथ ॥ मानौं प्रगट भयौ है कामदुत ॥ २ ॥ ब्रिंदावन फूल्यौं कुंज कुंज ॥ जमुना जल फूलै करति गुंज ॥ फूलै कमल कली लीएे भँवर वास ॥ फूलै खग बोलति आस पास ॥ ३ ॥ गोबरधन फूलै ठौर ठौर ॥ फूलै पाँडर केसू अंब मौर ॥ ऐसी सोभा त्रिलमै बारै मास ॥ फूलै जन गावै 'माधौ दास'

॥४॥३०॥१९५॥卐॥ निरत ॥ ब्रिंदाबन क्रीडति नँद नंदन सँग ब्रषभान दुलारी ॥ प्रफुल्लित कुसम कुंज द्रुम वेली कोकिल कूंजति मधुप गुँजारी ॥१॥ चोवा चंदन अगर कुँमकुमा मृगमद केसरि सुगँध सँवारी ॥ अति आनंद परसपर छिरकति हाथन लै कनक पिचकारी ॥ २ ॥ बाजति ताल मृदंग झांझ ढफ बीन रबाब मुरली धुनि प्यारी ॥ अबीर गुलाल उडावति गावति नाँचति हँसति दै दै कर तारी ॥ ३ ॥ चिरजीयौं सकल सुखदाइक लाल गोवरधनधारी ॥ श्रीवल्लभ पदरज प्रताप तें 'हरि दास' बलिहारी ॥ ४ ॥३१॥ 卐 ॥ बिराजति स्याम सिरोमनि प्यारो ॥ प्रभु तिहूं लोक उजियारौ ॥ ध्रु० ॥ सरस बसंत सजै बन सोभा श्रीब्रजराज बिराजैं ॥ सुर नर मुनि सब कौतिक भूलै देखि मदन कुल लाजैं ॥ १ ॥ रँग सुरँग

कुसुम नाना बिधि सोभा कहति न आवैं ॥ नवल किसोर अरु नवल किसोरी राग रागिनि गावैं ॥२॥ चोवा चँदन अगर कुँमकुमा उडति गुलाल अबीर ॥ छिरकति केसरि रंग परसपर कालिंदी कैं तीर ॥ ३ ॥ ताल मृदंग उपंग मुरज ढफ ढोल भेरि सहनाई ॥ अदभुत चरित रच्यौ व्रज भूपन सोभा बरनी न जाई ॥४॥ दुरि मुरि व्रज जुवती सब निरखति निरखि हरखि सचु पावैं ॥ तृन तोरति बलि जाई वदन पर तनकौ ताप नसावैं ॥ ५ ॥ देति असिस चली सब ग्रह ग्रह चित आनंद बढावै ॥ या व्रजकुल प्रभु हरिकी लीला ' जन गोविंद ' बलि जावै ॥ ६ ॥ ३२ ॥ 卐 ॥ पिय प्यारी खेलैं जमुना तीर ॥ भरि केसरि कुँम-कुम नव अबीर ॥ध्रु०॥ घसि मृगमद चंदन अरु गुलाल ॥ रंग भीनें अरगजा पास पाल ॥ जहाँ

कुल कल केकी नव मराल ॥ बन बिहरति दोऊ रसिक लाल ॥ १ ॥ बृंदादिक मोंहन लई जोरि ॥ बाजे ताल मृदंग रबाब घोर ॥ हँसि कें गेंदुक दई चलाइ ॥ मुख पट दै राधे गई बचाइ ॥२॥ ललिता पट मोहन गहयौं धाइ ॥ पीतांबर मुरली लई छिनाइ ॥ हौं तो सपत करौं छांडौ न तोइ ॥ स्यांमा जू आज्ञा दई मोय ॥३॥ निज सहचरी आई बसीठ ॥ सुनिरी ललिता तुम सुनी ढीठ ॥ हठ छांडि जानि देऊ तुम नव किसोर ॥ सुनि रीझि "सूर" तृन दीयौ तोर ॥ ४ ॥ ३३ ॥ 卐 ॥ राजा अनंग मंत्री गुपाल ॥ किऔ मुजरा करि छाइ भाल ॥ धु० ॥ प्रथम पढाई नीति जाई ॥ पुनि सिंघासन बैठे आई ॥ कर जोरे रहे सीस नाई ॥ बिनति करि मांगत राजा राइ ॥ १ ॥ फूलै चहूं दिस तरवर अनेक ॥ बोलति कपोत खग हँस

भेक ॥ अति आमोद भरै छांडै न टेक ॥ तहँ लैति रस हि अलि करि विवेक ॥ २ ॥ तब कियौ तिलक रतिराज आनि ॥ तब लावति भेट जिय डर हि मानि ॥ मनौ हरित बिछौना न रहयौ ठांनि ॥ तरवर दलांकित ताल जानि ॥३॥ नाइक मन भायौ काम राज ॥ छांडी सब तन तैं दुहूं लाज ॥ अपनें अपनें मिलै समाज ॥ डोलति रस सागर चढि जिहाज ॥ ४ ॥ अति चतुर गज मंत्री है देखि ॥ तब दिओ राज अपनौं विसेख ॥ तब 'गुपाल दास' अपनौ जिय लेखि ॥ छांडौ कबहू जिन पल निमेख ॥ ६ ॥ ३४ ॥ 卐 ॥ भोग समय मुकुट के पद ॥ हरि जू की आवनकी बलिहारी ॥ वासर गति देखति हैं ठाडी प्रेम मुदित ब्रज नारी ॥ १ ॥ ऋतु बसंत कुसुमित बन गजति मधुप वृंद जसु गावैं ॥ जे मुनि आइ

रहै व्रिंदाबन स्यांम मनोहर भावैं ॥ २ ॥ नीकौ भेष बन्यौं है मोहन गुंजा मनि उर हार ॥ मोर पच्छ सिर मुकुट बिराजति नँद कुमार उदार ॥३॥ घोष प्रवेस कियौ हैं सँग मिलि गौरज मंडित देह ॥ 'परमानँद' स्वामी हित कारन जसुमति नँद सनेह ॥४॥३५॥卐॥ मान आडचोताल ॥ चलि बन निरखि राज समाज ऋतु कौं, सकल तरु मोरे ॥ यह बसंत हि जानि रति कैं कंत दल जोरे ॥ १ ॥ विरहनी मति विकल करिवे मृगगन दौरे ॥ कोकिला कल कंठरव मिलि, काम सर छोरै ॥ २ ॥ तरनि तनया तीर मलयज पवन झक झोरै ॥ गहरू तजि व्रज भामिनि मिलि नँद किसोरै ॥३॥१॥卐॥ पीरे वस्त्र ॥ चलि बन बहति मंद सुगंध सीतल, मलय समीरै ॥ तुव पंथ बेठि निहारति सखी हरि, सूरजा तीरै ॥ १ ॥ चहूं दिस फूलै

लता द्रुम हरखित सरीरै ॥ तुव बरन तन स्याम सुंदर धरति पट पीरै ॥२॥ विविधि सुर अलि पुंज गुंजति मत्त पिक कीरै ॥ तुव मिलन हित नंद नंदन हैं अति अधीरै ॥ ३ ॥ 'दास कुंभन' प्रभु करति बन बहु जतन सीरै ॥ तुव विरह व्याकुल गोबरधन उद्धरन धीरै ॥ ४ ॥ २ ॥ 卐 ॥ प्यारी नवल नव बन केलि ॥ नवल विटप तमाल अरुजी मालती नव बेलि ॥ १ ॥ नव बसंत, हँसति, द्रुम गन जरा जारे पेलि ॥ नवल मिथुन विहँग कूजति मची ठैला ठैलि ॥ २ ॥ तरनि तनया तट मनोहर मलय पवन सहेलि ॥ बकुल कुल मकरँद रहै अलि गन झैलि ॥३॥ यह समै मिलि लाल गिरिधर मान दुख अब हेलि ॥ 'कृष्ण दास' निनाथ नवरँग, तूं कुँवारि नव वेलि ॥४॥३॥卐॥ रतिपति दे दुख करि रतिपति सौं ॥ तूं तौ मेरी

प्यारी और प्यारे हु की प्यारी उठि चलि गज गति सौं ॥ १ ॥ दुती कैं बचन सुनि कैं, मुसिक्यानि, भूषन बसन सोंधो लियौ बहु भांतिसौं ॥ 'कल्यान' कै प्रभु गिरिधर नागर धाइ लई उर अतिसौं ॥२॥४॥卐॥ राधे देखि बनकैं चैन ॥ भृंग कोकिल सब्द सुनि सुनि प्रकट प्रमुदित मैन॥१॥ जहँ बहति मंद सुगंध सीतल भाँमिनी सुख सैन ॥ कौन पुन्य अगाध कौं फल तूं जो बिल-सति ऐंन ॥ २ ॥ लाल गिरिधर मिल्यौ चाहति, मोहन मधुर बैन ॥ 'दास परमानँद' प्रभु हरि चारु पंकज नैन ॥ ३ ॥ ५ ॥ २०५ ॥ 卐 ॥ मान ताल तिताल ॥ फिरि पछिताइगी हो राधा ॥ कित तू कित हरि कित यह औसर न करत प्रेमरस बाधा ॥१॥ बहोरि गुपाल भेख कब धरि हैं कब इन कूंजन बसि है ॥ यह जडता तेरे जिय उपजी

चतुर नारि सब हँसि है ॥ २ ॥ रसिक गुपाल सुनति सुख उपजै आगम निगम पुकारैं ॥ 'परमानँद' स्वामी पै आवति कौ यह नीति बिचारै ॥३॥१॥卐॥ चोताल ॥ ऋतु बसंत प्रफुलित बन बकुल मालती कुंद, जाति नवकरन कारन केतुकी कुरबक गुलाल ॥ चलि राधे चटमट करि तजि हठ सठ जिय कौं, हौं पठई लेन तोहि आतुर है अति नँदलाल ॥ १ ॥ तेसोई तरनि तनया तीर तेसोई बहति सुख समीर तेसोई चहूं दिस तैं उडति हैं सोंधौं गुलाल ॥ यह औसर कैंठ लाइ रिझये 'रघुवीर' राइ तो तू एसी लागति है कनकलता कैं ढिग तरु तमाल ॥ २ ॥ १ ॥ 卐 ॥ कहा आई री तरकि अब ही जू खेलत ही प्रीतम सँग एक हाथ अबीर दूजै फेंटा कर ॥ जब उन भुजन जोरि मुसिकाय वदन मोरयौं ते जान्यौं

औरन तन चितए एसो यह होय जिन परइ इन नैनन मैं यही डर ॥ १ ॥ जब ही तू उठि चली तबही लालन उझकि रहै औरन सो बूझन लागे बेझ झुकि गई कौन बात परि ॥ उठि चलि हिलि मिलि तूव रँग-राख और सब लागति चुनी समान तूव मधि नाइक सँग सोहति लाल गुपाल गिरिधारि ॥२॥२॥卐॥ मान तजौ भजौ कंत ऋतु बसंत आयौ ॥ वन सोभा निरखि निरखि पाथिकन सुख पायौ ॥१॥ फूल बनराई जाइ मधुकर लपटायौं ॥ अँब मोर ठोर ठोर ब्रिंदाबन छायौं ॥ २ ॥ अति सुगंध बहति वायु बस पराग उडायौं ॥ उनमद झंकार करति विरही जन डरायौ ॥ ३ ॥ तिहारे हित कारन में यह सब्द सुनायौ ॥ 'रसिक पीतम जाइ मिलौ जुवती न मन भायौ ॥४॥३॥卐॥ लाल ललित ललितादिक सँग लिए बिहरत री बर बसंत ऋतु कला सुजान ॥ फूलन की कर गेंदुक लिए

पटकति पट उरज छिए हँसति लसति हिलि मिलि सब सकल गुन निधान ॥ १ ॥ खेलति अति रस जो रहयौ रसना नहीं जात कहयौ निरखि परखि थकित भए सघन गगन जान ॥ 'छीत स्वामी' गिरिवरधर श्री विट्ठल पद पद्मरेनु वर प्रताप महिमा तैं कियौ कीरति गान ॥२॥४॥२१०॥卐॥ धमार ॥ ऋतु पलटी री मोपै रहयौं न जाइ ॥ मधुकर! माधों सौं कहियो जाइ ॥ ध्रु० ॥ बहू बास सुवास फूली है बेलि ॥ अरु बने कोकिला करति केलि ॥ मधुप ताप तन सहयौं न जाइ ॥ पिय प्रान गऐं कहा करि हों आइ ॥ १ ॥ पिय प्रान रहति हैं अवध आस ॥ पिय तुम बिनु गोपी रही उदास ॥ 'सूर दास' इह बदति बाल ॥ पिय तुम बिनु मथुरां कोन हाल ॥ २ ॥ १ ॥ 卐 ॥ ऋतु बसंत के आगम

आली प्रचुर मदन कौं जोर ॥ कैसें धरैं कुल वधू धीरज खेलति नँदकिशोर ॥ १ ॥ तेसी ए गिरि गोबरधन उपर नूत मंजुरी मोरी ॥ सुनि सुनि चली लाल गिरिधर पै बनि बनि नवल किसोरी ॥२॥ जाइ मिली अनुरागु भरी रस फाग स्याम सौं खेली ॥ 'व्रजपति' स्याम तमाल हि लपटी मानौं कंचन बेली ॥ ३ ॥ २ ॥ 卐 ॥ ऐसो पत्र लिखि पठयौ नृप बसंत ॥ तुम तजो मान मानिनी तुरंत ॥ ध्रु० ॥ कागद नव दल अँब पाँति ॥ द्वात कमल मसि भँवर गाति ॥ लेखन काम कै बान चाँप ॥ लिखि अनँग ससि दई छाप ॥ मलयानिल पठयौ करि विचार ॥ बाँचे सुक, पिक, तुम सुनौं नारि ॥ 'सूर दास' यौं बदति बानि ॥ तू हरि भजि गोपी तजि सयान ॥२॥३॥卐॥ चलि राधे तोहि स्याम बुलावैं ॥ वह सुनि देखि बेन मधुरे

सुर तेरो नाम ले लै गावैं ॥१॥ देखौ ब्रिंदाबनकी सोभा ठौर ठौर द्रुम फूलै ॥ कोकिल नाद सुनति मन आनँद मिथुन बिहँगम झुलै ॥ २॥ उनमद जोबन मदन कुलाहल यह औसर है नीकौ ॥ 'परमानँद' प्रभु प्रथम समागम मिल्यौ भाँवतो जीकौ ॥ ३ ॥ ४ ॥ 卐 ॥ देखि बसंत समैं ब्रज सुंदरी तजि अभिमान चली ब्रिंदाबन ॥ सुंदरताकी रासि किसोरी नव सत साजि सिंगार सुभग तन ॥ १ ॥ गई तिहि ठौर देखि ऊंचै द्रुम लता प्रकासित गुँजत अलि गन ॥ 'कुंभन दास' लाल गिरिधरि कौं मिली है कुँवरि राधा हुलसत मन ॥ २ ॥ ५ ॥ २१५ ॥ 卐 ॥ नव बसंत आगम नीको लागति नवल फूल पल्लव नए ॥ नाना बरन सकल ब्रिंदाबन जहँ तहँ द्रुम प्रफुलित भए ॥ १ ॥ प्रगट्यौ रतिपति बसंत सुखद ऋतु हेम काल

कलह जू गए॥ गुंजत मधुप कीर पिक कूजति ठौर ठौर आनंद ठए॥२॥ जमुना तट रमनीक परम रुचि कुंज बितान ललित छए॥ तहँ साजि नटबर नँद नँदन बैठि रहे नेरें जू लए॥ ३॥ जानि सु समय 'चतुरभुज' प्रभु पिय आतुर सँदेस तोको जु दए॥ बेगि चलि हिल मिलि गिरिधरि पिय सँग सब सुख करि बिलसौ जू नए॥४॥६॥卐॥ नवल बसंत कुसुमित ब्रिंदाबन अधिक मिठानौं कालिंदी जल॥ कलकल कोकिल कीर सनादित गुंजति मधुप मिथुन तोलति बल॥ १॥ रतिपति उदित मुदित मन भाँमिनी मानिनी तज, छीजति तिल तिल पल॥ वर निकुंज खेलति नंद नंदन बोलति तोहि छेल राधा चलि॥ २॥ मोहनलाल गोवरधनधारी रसिक सिरोमनि रहासे हिल मिल॥ 'कृष्ण दास' प्रभु सुरति वारि निधि, कँठ बाहु

धरि छोडि बिरहानल ॥३॥७॥卐॥ प्यारी देखि बनकी बात ॥ नव वसंत अनंत मुकुलित कुसुम और द्रुम पाँति ॥ १ ॥ बेनु धुनि नँदलाल बोली तुव कित अलसात ॥ करति कित हि विलंब भामिनी वृथा औसर जाति ॥ २ ॥ लाल मरकत मनि छबीलौ, तू जो कँचन गात ॥ बनी 'हित हरिवंस' जोरी उभै कुल कल गाति ॥३॥८॥卐॥ प्यारी राधा कुंज कुसुम संकेलैं ॥ गुही कुसुम मनोहर माला पीतम कै उर मेल॥१॥ पियके बैन, नैन अनियारें मैन हि ऊरी ऊले ॥ गोरज स्थल स्यांम उर स्थल मनौं जुगल गढ घेरैं ॥ २ ॥ नंद नंदन सौं अति रस बाढयौ मदन मोहन सौं खेलै ॥ कहे 'कल्यान' गिरिधर की प्यारी रस हि मैं रस मेलैं ॥ ३ ॥ ९ ॥ 卐 ॥ फूलि झूमि आई बसंत ऋतु ॥ जमुना तट नव कान्हर बिहरति नँद कुमार

घोख जुवतिन बितु॥१॥ गिरिधरि नागर तोहि बुला-वति वऊ बिधान सखी कहा कहूं हितु ॥ 'कृष्ण दास' प्रभु कौतिक सागर तुम उपरि चलि धरैं चपल चितु ॥ २ ॥ १० ॥ २२० ॥卐॥ बेगि चलो बन कुंवरि सयानी ॥ समय बसंत, बिपिन मधि हय गज मदन सुभट नृप फोज पलानी ॥ १ ॥ चहूं दिस चाँदनी चमू चय कुसुम धूरि धूंधरी उडानी ॥ सोरह कला छिपांकर की छवि सोहति छत्र सीस कर तानी ॥ २ ॥ बोले हंस चपल बंदी जन मनौं प्रसंसित पिक बर बानी ॥ धीर समीर रटत वन अलि गन मनौं काम कर मुरली सु ठानी ॥३॥ कुसम सरासन बनि हि बिराजति मनौं मान-गढ आन आन भानी॥ 'सूर दास' प्रभु की वेई गति करो सहाइ राधिका रानी॥ ४॥ ११ ॥卐॥ भाँमिनी चंपेकी कली ॥ वदन पराग मधुर रस

लंपट नव रँग लाल अली ॥ १ ॥ चोवा चंदन अगर कुँमकुमा करि जू सिंगार चली ॥ खेलति सरस बसंत परसपर रविकी कांति मली ॥ २ ॥ ताल मृदंग ऊंफ ढफ बीना बीच बीच मुरली ॥ 'कृष्ण दास' प्रभु नव रँग गिरिधर हिलि मिलि रँग रली ॥३॥१२॥卐॥ मानिनी मान छुडावन कारन मदन सहाइ बसंत लै आयों ॥ चतुरंगनि सैना सजि सुलभ पराग अटपटों छायौं ॥ १ ॥ नील कमल दल सहस्र मानौं गज कदली कुसुम रथ बेगि बनायौ ॥ चंपक जुही गुलाल और कुंज बहु रँग तुरी सेन सजि धायौं ॥२॥ कुँद, कनेर, मालती जाती पाइक दल आगें जू सुहायौं ॥ नाग केत धुजा, अरुन चंबर इव सेत छत्र मोरि कुसुम धरायौं ॥ ३ ॥ अँकुस किंसुक सीखंड केतुकी कुरबक निसान बजायों ॥ त्रिगुन समीर

सुजान छूट धर जस बंदी अलि कुल मिलि गायौं ॥ ४ ॥ कटक सँवारि कामिनी अँग अँग मोहन सों सर चाँप चढायौं ॥ 'कृष्ण दास' गिरिधरि सौं मिलि रति करि रति पति हार मनायौ ॥ ५ ॥ १३ ॥ 卐 ॥ लाल करति मनुहार री प्यारी मान मनायौ मेरौ ॥ मदन मोहन पिय कुंजभवनमें नाम रटति हैं तेरौं ॥ १ ॥ नव नागर गुनको जू आगर ऋतुराज आयौ है नेरौ ॥ रसिक पीतम सौं हिलि मिलि भाँमिनि जैसें चित्र चितेंरो ॥२॥१४॥卐॥ पौढायवे के ॥ खेलति खेलति पौढी स्यामा नवल लाल गिरिधर पिय सँग ॥ चोवा चंदन अगर कुँमकुमा झारति फिरति सकल अँग अँग ॥१॥ बाजति ताल मृदंग अघौंटी बीना मुरली तान तरँग ॥ 'कुंभन दास' प्रभु यह बिधि क्रीडति जमुना पुलिन लजावति अनँग ॥२॥१॥॥२२५卐॥

खेलि फागु अनुराग भरे दौऊ चले धाम पौढन पिय प्यारी ॥ नवल लाल गिरिधरन नव बाला नवल सेज सुखकारी ॥ १ ॥ नवल बसंत नवल व्रिंदाबन नव चातक पिक भँवर गुंजा री ॥ नव नव केलि करति 'व्रजपति' सँग नवल मानु सु कुमारी ॥ २ ॥ २ ॥ २२६ ॥ 卐 ॥ खेलि फागु मुसिकात चले दौऊ पौढे सुखद सेज मिलि दंपति ॥ हँसि हँसि बात करति सुनि सजनी निरखति कृपन मिली मनौं संपति ॥ १ ॥ करति सिंगार परसपर हुलसति सोभा देखि मदन तन कांपति ॥ 'व्रज-पति' पिय प्यारी मिलि बिलसति सखी ललिता-दिक चरनन चाँपति ॥ २ ॥ ३ ॥ २२७ ॥ 卐 ॥ खेलि बसंत जाम चारयौ निसि हँसति चले पौढन पिय प्यारी ॥ नवल कुंज नव धाम मनो-हर नवल बाल नव केलि बिहारी ॥ १ ॥ नवल

सहचरी गान करति नव नवल ताल वीना कर-
धारी ॥ पौढे नवल सेज नव 'व्रजपति' चाँपति
चरन नव, भानु कुमारी ॥ २ ॥ ४ ॥ २२८ ॥卐॥
खेलि बसंत पिय सँग पौढी आलस युत रँग
भींनी ॥ नवल लाडिली प्रान पिय दोऊ नवल
अंस भुज दींनीं ॥ १ ॥ नौतम सेज रची सखियन
मिलि, अति सुगंध सरसींनीं ॥ नवल वीन कर
लीयें माधुरी निरखति नेह नवींनीं।२।५।२२९।卐
प्यारी पिय खेलति बर बसंत ॥ उपजति दुहुँ
दिस सुख अनंत ॥ ध्रु० ॥ अदभुत सोभा गौर
स्याम ॥ लाल पिया उर ललित दाम ॥ उमँगि
उमँगि अँग भरति वाम ॥ सहचरी सँग कला
काम ॥ १ ॥ सेज सुहाइ अमल खेत ॥ चलति
कटाच्छ पिचकि भरि हेत ॥ सनमुख भरि छवि
छींट लेति ॥ रोम रोम आनँद देति ॥ २ ॥ नख

प्रहार छबि कनि गुलाल ॥ राजति बिच उर टुटी माल ॥ जावक रँग रँग्यौ लाल भाल ॥ पीक पलक रँगी ललित माल ॥ ३ ॥ बाजैं ढफ भूषन सुभाइ ॥ बाढयौ सुख कछु कहयौ न जाइ ॥ सुरति रँग अँग छाइ ॥ 'दामोदर' हित सुरस गाइ ॥ ४ ॥ ६ ॥ २३० ॥ 卐 ॥ बसंत बनाई चली व्रज सुंदरि रसिक राए गिरिधर पिय पास ॥ अँग अँग बेलि फूलि मृग नैंनी कुच उतंग मनौं कमल विकास ॥ १ ॥ कोक कला बिध कुँज सदन में गिरिवरधर सँग किये बिलास ॥ कुसम पर्यंक अँक भरि पौढे निरखति बलि 'परमानँद' दास ॥ २ ॥ ७ ॥ २३१ ॥ 卐 ॥ आश्रयके पद ॥ श्री वल्लभ प्रभु करुना सागर जगत उजागर गाइए ॥ श्री वल्लभ कै चरन कमलकी बलि बलि जाइए ॥ १ ॥ वल्लभी सृष्टि समाज संग मिली जीवनकौं

फल पाइए ॥ श्री वल्लभ गुन गाइए याहि तें 'रसिक' कहाइए ॥ २ ॥ १ ॥ २३२ ॥ 卐 ॥ असीस ॥ खेलि फागु अनुरागु मुदित जुवती जन देति असीस ॥ रसिकन की रस रासि श्रीवल्लभ जीयौ कोटि बरीष ॥ १ ॥ फिरि आईं खेलन कैं कारन अबला जुरि दस बीस ॥ 'हरिदास' कै स्वामी स्यामा खेलौ बसंत जय जय गोकुल कै इस ॥ २ ॥ १ ॥ २३३ ॥ + ९४ अ, १०३ अ = २३५ ॥ 卐 ॥

यदक्षरं पदभ्रष्टं मात्राहिनं तु यद्भवेत ।
तत्सर्वं क्षम्यतां देव प्रसिद्ध परमेश्वर ॥

अंग सहित अष्टसखा.

(कीर्तनीआ नारानदासजी कौं संग्रह)

१	२	३	४
कृष्ण दास.	**कुंभनदास.**	**गोविंदस्वामी.**	**चतुरभुजदास.**
१ गुपालदास (भाईला कोठारीके जमाई)	किसोरीदास	कल्यानके प्रभु	कल्यानके प्रभु
	प्रभु मुकुंद	काका वल्लभजी	दामोदर हित
२ चतुर बीहारी	माधुरीदास	कृष्णदासी	प्रेम प्रभु
३ जगजीवन	रसखान	श्रीद्वारकेसजी	विचित्र विहारी
४ जनत्रिलोक	लघु गुपाल	व्रजपति	विहारीदास
५ दासमाधो	विष्नुदास	श्रीव्रजाधीसजी	मानदास
६ नागरीदास	हरिदासके (स्वामी स्यामा)	श्री हरिरायजी	स्यामदास (स्वामिनि)
७ रामराय	हित हरिवंस	रसिक की छाप वाले	श्रीभट
८ रूप माधुरी		श्री विठ्ठल गिरिधरनकी छापवाली 'गंगाबाई'	

५	६	७	८
छीतस्वामि.	**नंददासजी.**	**परमानँददास.**	**सूरदास.**
अग्रस्वामि (दास)	कटहरिआ प्रभु	आसकरनजी	अलीखान पठान
केसो किसोर	कहे भगवान हित रामराय प्रभु	गदाधरदास	कृष्णजीवन लछीराम
जन गिरिधर	जन हरिआ	गोपालदास	जगन्नाथ कविराय
भगवानदास	ताजबीबी बादसाहकी-हुरम	पद्मनाभदास	जन भगवानदास
माधुरीदास	धोंधी	मानेकचंद	तानसेनजी
ऋषीकेस	रामदासजी	रसिक बीहारी	मुकुंददास
स्यामदास	रघुनाथदास	सगुनदास	मुरारीदास
सुघरराई	हरिदासजी	हरिजीवनदास	हरिनारायन प्रभु